**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 105 लखनऊ, शनिवार 30 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## चित्रकूट में मुख्यमंत्री योगी बोले-
## पौराणिक नगरी के विकास में नहीं होगी कोताही

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को तय समय से पहले ही चित्रकूट पहुंच गए। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।**



चित्रकूट (एजेंसी) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चित्रकूट सनातन हिंदू धर्म की पौराणिक स्थली और संतों की साधना को ऊंचाई देने वाली नगरी है। इसे देश–विदेश से जोड़ने के लिए हवाई पट्टी, डिफेंस कॉरिडोर और चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ा जा रहा है। ये सब विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। अधिकारियों को हिदायत दी कि बजट की कमी नहीं है, बस विकास काम में लापरवाही न करें। गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर रोडवेज बस स्टैंड पर बने हेलीपैड पर दोपहर करीब 12 बजे उतरा। रामघाट पर मंदाकिनी की आरती के बाद कहा कि भगवान राम वनवास काल में सबसे अधिक चित्रकूट तीर्थ स्थल में रहे हैं। यहां अयोध्या की तरह विकास किया जाएगा। यह नगरी सनातन हिंदू धर्म को ऊंचाई तक पहुंचाने वाली है। आध्यात्मिक नगरी में ऋषियों मुनियों व संतों ने जो तपस्या की है, उसी को आगे बढ़ाया जाएगा। भौतिक विकास को शामिल कर रोजगार और व्यापार को बढ़ावा देंगे।

कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर व महार्षि वाल्मीकि की जन्मस्थली लालापुर का भी विकास किया जा रहा है। जिले में सडक, पुल और बाईपास बनाए जा है। यहां उद्योग भी लगाए जा रहे हैं। एयरपोर्ट को बड़ा करने के साथ ही डिफेंस कॉरडोर, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। महंत दिव्यजीवदास, महंत सत्यप्रकाश, आचार्य रामचंद्र दास, सीताशरणदास, महंत मोहित दास, विपिन विहारी महराज, प्रदीप महाराज भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने रामघाट में प्रवेश करते ही सबसे पहले मंदाकिनी नदी किनारे स्थित मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में पूजन किया। पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक कर पूजा पाठ किया। प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व प्रभारी मंत्री मनोहर लाल मुन्नू सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे। संत विपिन विहारी महराज, प्रदीप महाराज ने पूजन कराकर प्रसाद वितरित किया।

कलक्ट्रेट में समीक्षा बैठक के बाद सीएम का काफिला सर्किट हाउस जा रहा था। शहर के एलआईसी से सीआईसी मार्ग पर काफिला पहुंचा तो दो अन्ना गोवंश सड़क पर आ गये। इससे सीएम के काफिले को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। यह देख अफसर सकते में आ गए। हालांकि कोई अनहोनी नहीं हुई। कर्मचारियों ने दोनों गोवंशों को खदेड़ दिया। इसके बाद काफिला गुजर गया।बुंदेलखंड में अन्ना गोवंश की समस्या जगजाहिर है। इस समस्या को मुख्यमंत्री से छिपाने के लिए उनके काफिले वाले मार्ग पर पड़ने वाली 29 गलियोंऔर मोड़ के पास डंडे लेकर कर्मचारी सिर्फ इसीलिए लगाए गए थे कि अन्ना गोवंश काफिले के बीच में न आ जाए। इतनी तैयारियों के बावजूद दो अन्ना गोवंश एक गली से निकलकर सड़क पर आ गये। इससे काफिले के वाहन कुछ देर के लिए रुक गए, लेकिन किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई। इस पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है: प्रधानमंत्री मोदी

***वीडियो में लोगों को अशस्ट्रिया में 'वदे मातरम' गाते और पोलैंड और मास्को (रूस) में गरबा, कजान (रूस) में ढोलिडा, भूटान में डांडिया रास, सिंगापुर में भरतनाट√म और लाओस और ब्राजील में रामायण गाते हुए दिखाया गया है।***



नई दिल्ली (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुतियों का एक वीडियो संकलन साझा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है।प्रध ाानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं के दौरान अक्सर पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति अपार उत्साह दिखाई देता है, जो बेहद खुशी की बात है।"वीडियो में लोगों को ऑस्ट्रिया में 'वंदे मातरम' गाते और पोलैंड और मास्को (रूस) में गरबा, कजान (रूस) में ढोलिडा, भूटान में डांडिया रास, सिंगापुर में भरतनाट्यम और लाओस और ब्राजील में रामायण गाते हुए दिखाया गया है। इसमें भूटान के कलाकार भी शामिल थे, जो प्रधानमंत्री का उल्लेख करते हुए एक गीत गा रहे हैं।

## स्कूलों को छोड़कर दिल्ली में अभी लागू रहेंगी पाबंदियां

नई दिल्ली (एजेंसी)सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजध ाानी और आसपास के इलाकों में उच्च प्रदूषण स्तर पर दिल्ली के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि ळत।च–4 उपायों का कार्यान्वयन एक ष्घोर विफलताष् था। अदालत ने फैसला सुनाया कि स्कूलों पर प्रतिबंध को छोड़कर सभी प्रदूषण विरोधी उपाय सोमवार तक लागू रहेंगे। अदालत ने प्रदूषण विरोधी संस्था सीएक्यूएम को इस बीच एक बैठक आयोजित करने और प्रतिबंधों को जीआरएपी 4 से घटाकर जीआरएपी 3 या जीआरएपी 2 तक कम करने पर सुझाव देने पर विचार करने का आदेश दिया।अदालत ने निकाय से जरूरत पड़ने पर ळत।च 4 और ळत।च 3 उपायों वाले एक हाइब्रिड मॉडल को लागू करने पर विचार करने को कहा।

## बीडीएस में लेना चाहते है दाखिला...? तो चंद्रा पोस्ट ग्रेजुएट डेंटल कालेज एंड हॉस्पिटल में जरूर विजिट करे!

लखनऊ रूउत्तर प्रदेश में बहुत से ऐसे छात्र हैं, जिनका सपना डेंटिस्ट बनने का होता है. छात्रों की तमन्ना यही होती है कि वे डेंटिस्ट बनकर मुस्कुराहट में सुधार और मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ा सकें. ऐसे में इन सभी छात्रों की यही चाहत रहती है कि वे देश के टॉप डेंटल कॉलेज से पढ़ाई करेंऔर एक अच्छा दांत का डॉक्टर बनें। मेट्रो सिटी लखनऊ मे बीडीएस की पढाई के लिए चंद्रा पोस्ट ग्रेजुएट डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एक बेहतर विकल्प है जहां पर पढ़ाई के साथ साथ दांत से जुड़े हुए हर तरह की बीमारी का इलाज बहुत ही सस्ते रेट में किया जाता है। यहां सुयोग्य डॉक्टर मरीजों का ईलाज अत्याधुनिक विश्वस्तरीय सुविध ााओं से युक्त डेंटल उपकरण कैड कैम जिरकोनिया डिजाइनिंग ऐंड मिलिंग जैसी मशीन से करते है। किसी भी मरीज को दिखाने के लिए यहां निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराया जाता है।







चंद्रा पोस्ट ग्रेजुएट डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल अपने तमाम खूबियों के लिए प्रसिद्ध है। इस कॉलेज की स्थापना सन् 2003 में हुई थी। यह कॉलेज अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ उत्तरप्रदेश से एफिलिएटेड और डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया न्यू दिल्ली से रिकॉग्नाइज्ड है। यहां बीडीएस और एमडीएस कोर्स के साथ साथ डेंटल हाइजनिस्ट और डेंटल मैकेनिक की भी पढ़ाई होती है। बीडीएस में कुल 100 सीट है।इसमें एडमिशन देश का प्रतिष्ठित एक्जाम नीट क्वालीफाई करने पर ही होता है। यहां पर पढ़ने वाले सभी स्टूडेंट को दांत के मरीजों को इलाज के लिए तैयार किया जाता है। यहां फर्स्ट इयर से ही स्टूडेंट को मरीज की बेसिक इलाज करने की ट्रेनिंग शुरू कर दी जाती है और कोर्स कंप्लीट करते करते सभी स्टूडेंट मरीजों की दांत से जुड़ी हर तरह से इलाज करने के योग्य हो जाता है। यहां स्टूडेंट देश के कोने कोने से ऐडमिशन लेते है।यहां पर मरीजों के आने की संख्या प्रतिदिन 500 से ज्यादा ही रहती है । यह कॉलेज दो मेडिकल कॉलेज हिंद मेडिकल कॉलेज और मेयो मेडिकल कॉलेज के मध्य अयोध्या हाईवे बाराबंकी बॉर्डर लखनऊ में स्थित है। जो कैंडिडेट छम्म्ज़ न्ळ 2025 की तैयारी कर रहे है... और इस कॉलेज में बीडीएस कोर्स में एडमिशन लेना चाह रहे है... तो बिल्कुल देर ना करे । कॉलेज विजिट कर या ।कउपेपवद बमसस के निम्नलिखित नम्बर पर कॉल कर एडमिशन से जुड़ी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते है ... और शुरुआत में बीडीएस कोर्स में रजिस्ट्रेशन करने पर कुछ `मंज पर मिल रहे स्कॉलरशिप का भी लाभ ले सकते है।
8447686954,6306659654

## बांग्लादेश में हिंदू पुजारी की गिरफ्तारी का शेख हसीना ने किया विरोध, तत्काल रिहाई की मांग की

**हसीना ने अपने पत्र में लिखा कि सनातन धार्मिक समुदाय के एक शीर्ष नेता को अन्यायपूर्वक गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। चटगांव में एक मंदिर जला दिया गया है।**



नई दिल्ली (एजेंसी)ंग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को चटगांव में एक वकील की हत्या और बांग्लादेशी हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए उनकी रिहाई की मांग की। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को सुरक्षा बलों और चिन्मय कृष्ण दास के अनुयायियों के बीच हिंसक झड़प के दौरान एक वकील की मौत हो गई, जिसकी पहचान सहायक लोक अभियोजक सैफुल इस्लाम के रूप में हुई। राजद्रोह के एक मामले में चटगांव अदालत द्वारा दास को जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।हसीना ने अपने पत्र में लिखा कि सनातन धार्मिक समुदाय के एक शीर्ष नेता को अन्यायपूर्वक गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। चटगांव में एक मंदिर जला दिया गया है। पहले, अहमदिया समुदाय की मस्जिदों, धर्मस्थलों, चर्चों, मठों और घरों पर हमला किया गया, तोड़फोड़ की गई, लूटपाट की गई और आग लगा दी गई। उन्होंने आगे कहा, ष्सभी समुदायों के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता और जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।ष्बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा है कि भारत विरोध ी बयानबाजी और कट्टरपंथियों एवं आतंकवादी ताकतों को बढ़ावा देना "परस्पर संबंधित" रणनीतियां हैं जिन्होंने बांग्लादेश को "पूर्ण अराजकता" की ओर धकेल दिया है। उन्होंने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लेदश की अंतरिम सरकार पर लोकतंत्र को "भीड़तंत्र" में तब्दील करने का आरोप लगाया। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद बिगड़े हालात के बाद अपना देश छोड़कर आए महमूद ने हाल ही में एक अज्ञात स्थान से एक विशेष साक्षात्कार में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को "खतरनाक" करार दिया।

## कोई फार्मूला नहीं है... अजित पवार ने बता दिया कैसे तय होगा महाराष्ट्र के नए ब्ड का नाम

***एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा कि संसदीय चुनाव में, ईवीएम ठीक थी क्योंकि परिणाम महा विकास अघाड़ी के पक्ष में था। विधानसभा चुनावों में, परिणाम अलग हैं और इसलिए वे ईवीएम को दोष दे रहे हैं।***



(एजेंसी)महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को दोहराया कि मुख्यमंत्री पद के लिए किसी फॉर्मूले पर चर्चा नहीं की जा रही है और महायुति के सहयोगी नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद निर्णय लेंगे। 23 नवंबर को घोषित राज्य चुनाव परिणामों में, महायुति, जिसमें भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी शामिल थी, ने 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटें हासिल कीं। यह लगभग तय है कि बीजेपी नेता और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार शीर्ष पद पर काबिज होने जा रहे हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने जिन 149 सीटों पर चुनाव लड़ा था उनमें से 132 सीटें हासिल कीं।

एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा कि संसदीय चुनाव में, ईवीएम ठीक थी क्योंकि परिणाम उनके (महा विकास अघाड़ी) पक्ष में था। विध ाानसभा चुनावों में, परिणाम अलग हैं और इसलिए वे ईवीएम को दोष दे रहे हैं। अजित पवार ने कहा कि हमारी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी थी– उसके लिए हमें अभी और काम करने की जरूरत है, हम लड़ेंगे और सफलता हासिल करेंगे। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि वह अगले मुख्यमंत्री के नाम पर भाजपा नेतृत्व के फैसले का "पूरा समर्थन" करेंगे, उन्होंने कहा कि वह इस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि शिंदे की घोषणा से भाजपा के लिए तीसरी बार मुख्यमंत्री पद के लिए देवेन्द्र फड़णवीस के नाम का रास्ता साफ हो गया है।महाराष्ट्र राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध ान (राजग) के नेता बृहस्पतिवार को यहां भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने साथ ही यह संकेत भी दिया कि राज्य की नयी सरकार में तीन प्रमुख 'महायुति' घटकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों के फार्मूले का अनुपालन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जहां मुख्यमंत्री पद मिलने की संभावना है, वहीं उसके दो सहयोगी दलों – शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को दो उपमुख्यमंत्री का पद दिया जा सकता है।

## चौथी बार झारखंड के मुख्यमंती बने हेमंत सोरेन, मंच पर दिखी INDIA ब्लाक की ताकत




राची (एजेंसी)झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में सोरेन का यह चौथा कार्यकाल है। सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी अगली पारी से पहले अपने पिता और पार्टी संस्थापक शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया।झारखंड के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस नेता तारिक अनवर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, निर्दलीय सांसद पप्पू यादव सहित विपक्ष के कई शीर्ष नेता शामिल हुए। झारखंड के 14वें सीएम के रूप में हेमंत सोरेन के शपथ लेने के बाद उनकी बहन और जेएमएम नेता अंजनी सोरेन का कहना है ष्आज पूरा झारखंड खुश है.

## DGP&IGP सम्मेलन को लेकर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी धमकी, पुलिस हाई अलर्ट पर




नई दिल्ली (एजेंसी)भुवनेश्वर में ओडिशा डीजीपी सम्मेलन से एक दिन पहले, खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने गुरुवार को एक संदेश जारी कर अखिल भारतीय बैठक को बाधित करने की धमकी दी, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा कई शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल होंगे। सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के प्रमुख पन्नू ने एक वीडियो संदेश में अपने समर्थकों से डीजी–आईजी सम्मेलन को बाधित करने के लिए भुवनेश्वर के मंदिरों–होटलों में भेष बदलने और छिपने का आग्रह किया।गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक नामित आतंकवादी, पन्नून ने प्रध ाानमंत्री को भक्तों से मिलने के लिए भुवनेश्वर में राम मंदिर जाने की चुनौती दी और नक्सलियों, माओवादियों, कश्मीरी लड़ाकों से डीजी–आईजी सम्मेलन को बाधित करने के लिए भुवनेश्वर के मंदिरों, होटलों में भेष बदलने और छिपने का आग्रह किया। यह कहते हुए कि एनआईए, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एनएसजी, आईबी और सीआईएसएफ के 200 से अधिक सुरक्षा अधिकारी शाह के नेतृत्व में मिलेंगे, पन्नून ने कहा कि बैठक में खालिस्तानी समर्थक सिखों, कश्मीरी लड़ाकों, नक्सलियों और माओवादियों की हत्या की योजना बनाई जाएगी और योजना बनाई जाएगी।शुक्रवार को शुरू होने वाली डीजीपी कॉन्फ्रेंस पहले से ही भारी सुरक्षा घेरे में है और भुवनेश्वर के कई इलाकों को नो–फ्लाइंग और नो–ड्रोन जोन घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार शाम करीब 4.15 बजे भुवनेश्वर पहुंचेंगे। बैठक के लिए भाजपा कार्यालय जाने से पहले बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद वह राजभवन के लिए रवाना होंगे। पहले मोदी का हवाईअड्डे से रोड शो करने का कार्यक्रम था जिसे बाद में रद्द कर दिया गया। वह 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक अखिल भारतीय डीजीपी बैठक में भाग लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पहुंचेंगे और बैठक की अध्यक्षता करेंगे।अधिकारियों ने यहां बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा इस सम्मेलन को बाधित करने की कथित धमकी दिए जाने के संबंध में एक सवाल के जवाब में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) संजय कुमार ने कहा कि हम सभी खतरों से अवगत हैं और हमने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि कोई अप्रिय घटना न हो।सुरक्षा उपायों की बारीकियों के बारे में कुमार ने कहा कि ओडिशा पुलिस की लगभग 80 प्लाटून (एक प्लाटून में 30 जवान होते हैं) के साथ–साथ सीआरपीएफ और बीएसएफ जवानों समेत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 10 कंपनियों को प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा, "सम्मेलन स्थल और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा प्रधानमंत्री का चार स्तरीय सुरक्षा प्रबंध होगा

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 30 नवंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# नरायण सेवा संस्थान का निशुल्क नारायण लिंब फिटमेंट शिविर 1 दिसम्बर को लखनऊमें 690 दिव्यांगों को लगेंगे कृत्रिम हाथ-पैर




लखनऊ(संवाददाता)। देश–विदेश में दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश के दिव्यांगों के लिए 1 दिसंबर को निःशुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलीपर्स फिटमेंट का विशाल शिविर लखनऊ मेंआयोजित होगा। यह शिविर दयाल गेटवे होटल, किसान बाजार, विभूति खंड में रविवार को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। प्रेसवार्ता में संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने जानकारी देते हुए कहा संस्थान विभिन्न राज्यों के दिव्यांग बन्धुओं को उनके घर शहर के नजदीक लाभान्वित करने के लिए विगत 39 वर्षों से प्रयासरत हैं। इसी शृंखला में नारायण सेवा ने श्कुआँ प्यासे के पासश योजना के तहत 28 जुलाई को निःशुल्क नारायण लिंब मेजरमेंट कैंप का आयोजन किया था। जिसमें करीब 1260 रोगी आए थे। इनमें से 690 जन ऐसे थे जो सड़क दुर्घटना या किसी बीमारी से हाथ–पैर खोकर दिव्यांगता का शिकार हो गए थे। उनका चयन करते हुए संस्थान ने नारायण लिम्ब के लिए मेजरमेंट लिया। ट्रस्टी चौबीसा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में पहली बार संस्थान एक साथ 690 से ज्यादा दिव्यांगों को नारायण लिम्ब पहनाकर उन्हें नई जिंदगी का उपहार देगा। यह सभी अपनी दिव्यांगताभरी जिंदगी के चलते अपने परिवार और परिजनों पर बोझ बन गए थे। संस्थान उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में ला रहा है। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ आगे की जानकारी देते हुए कहा शिविर के उद्घाटन और भव्यता के लिए उप मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रीयों सहित सैकड़े संस्थान सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। निदेशक गौड़ ने बताया कि शिविर में आने वाले दिव्यांगों के लिए संस्थान की ओर से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। इन दिव्यांगों को नारायण लिम्ब फिटमेंट के बाद चलने की सुव्यस्थित ट्रेनिंग दी जाएगी। इस हेतू संस्थान की 50 सदस्य टीम शनिवार को लखनऊ पहुंचेगी।इस वितरण शिविर में 100 कृत्रिम हाथ–पैर का सहयोग टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपने सीएसआर मद से दिया है। उन्होंने समाज से अपील करते कहा जो भी सज्जन दिव्यांगों के प्रति करुणा भाव रखता है वे विजिट कर इस शिविर में सहयोगी बने। संस्थान आने वाले दिनों में आगरा, काशी और गोरखपुर में भी शिविर करेगा। संस्थान अब तक उत्तर प्रदेश के 24500 से ज्यादा दिव्यांगों को विभिन्न तरह की सेवाओं से लाभांवित कर चुका है। वार्ता के दौरान ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ तथा आश्रम प्रभारी बद्रीलाल शर्मा ने शिविर पोस्टर का विमोचन किया।

# भाजपा सरकार बच्चों और गरीबों के प्रति निहायत संवेदनहीन- अखिलेश यादव



लखनऊ(संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार बच्चों और गरीबों के प्रति निहायत संवेदनहीन है। बच्चों की निर्मम हत्याएं हो रही है, उनके तन ढंकने की जरा भी फिक्र नहीं है। गरीबों को कहीं सिर छुपाने की जगह नहीं मिल रही है। बंगलों में जिंदगी जीने वाले मंत्रियों को जमीनी हकीकत का अंदाजा कैसे हो सकता है?

उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार का बड़ा शोर है। मुख्यमंत्री जी प्रदेश से बाहर दूसरे प्रदेशों में जाकर बड़े–बड़े सपने दिखा आते हैं लेकिन इन दिनों शुरू हो गई ठंड में बिना स्वेटर और जूते–मोजे के स्कूल जाने को नौनिहाल मजबूर है। बढ़ती ठंड में बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे है लगातार गिरते तापमान के बावजूद शासन स्तर से बच्चों के स्वेटर और जूते–मोजे की खरीद के लिए धनराशि जारी नहीं हो रही है। औरैया और अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में बच्चों के खातों में अभी तक ड्रेस की धनराशि नहीं पहुंची है। भाजपाइयों को अयोध्या जनपद के 23 हजार बच्चों के इस ठंड की मार सहने का एहसास तक नहीं हो रहा है। बच्चों की स्थिति कितनी दयनीय और चिंताजनक है इसका अंदाजा उनको देखकर लगाया जा सकता है। भाजपा की पुलिस की लापरवाही और अकुशलता की कहानियां अब आम हैं। समाजवादी सरकार में पुलिस के रिस्पांस सिस्टम को गति देने का काम हुआ था जो न्यूयॉर्क पुलिस के स्टैंडर्ड का था। मुख्यमंत्री जी ने यूपी डायल 100 को 112 करके पुलिस के रिस्पांस सिस्टम को बर्बाद कर दिया है। पुलिस के हालात यह है कि देवरिया के भटनी में 10 वर्षीय बच्ची के अपहरण के बाद खून से लथपथ शव मिला लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। सुल्तानपुर में चौथी कक्षा के 11 वर्षीय बालक की गुमशुदगी पर पुलिस ने लापरवाही बरती। नतीजे में बच्चे का शव एक मकान के बेड के नीचे से बरामद हुआ। उसके साथ कुकर्म भी हुआ। कानपुर के जाजमऊ स्थित एक मदरसे से बच्चे का कंकाल मिला। मदरसा अरसे से बंद था। स्पष्ट है कि फर्जी मुठभेड़ दिखाने वाली भाजपा सरकार की पुलिस असल मामलों को गंभीरता से नहीं लेती है। समय पर कार्रवाई होती तो कई जानें बच जाती। भाजपा सरकार में पुलिस अकर्मण्य बनती जा रही है। सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने के लिए तमाम गरीब और बेघर लोग भी मजबूर हैं। इनके लिए रैन बसेरों का इंतजाम अभी तक नहीं हो पाया है। वे खुले आसमान के नीचे सोने से बीमार हो रहे हैं, इस सबके बावजूद सरकार संवेदनहीन है।

# लुलु ब्यूटी फेस्ट 2024 का उद्घाटन'




लखनऊ(संवाददाता) अत्यधिक प्रतीक्षित लुलु ब्यूटी फेस्ट 2024 का आज लुलु हाइपरमार्केट लखनऊ में उद्घाटन किया गया, जिसे पॉन्ड्स और ट्रेसमे द्वारा प्रायोजित किया गया, फियामा और यार्डले द्वारा संचालित, एनचौन्टयोर और डर्माफिक के सहयोग से, सौंदर्य, स्वास्थ्य और सेल्फ केयर के एक जीवंत उत्सव की शुरुआत हुई।उद्घ्घ्घ्घाटनघ्घ समारोह में प्रसिद्ध मेकओवर आर्टिस्ट और सेलिब्रिटी वेडिंग मेकअप एजुकेटर सुश्री तुषा अरोड़ा के साथ–साथ लुलु ग्रुप इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।श्री जयकुमार गंगाधरन, क्षेत्रीय निदेशक और श्री बीजू सुगाथन, क्षेत्रीय प्रबंधक, लुलु ग्रुप इंडिया ने कहा कि यह गतिविधियों की एक रोमांचक श्रृंखला है, जिसमें लाइव ब्यूटी डेमो, प्रमुख वैश्विक और स्थानीय ब्रांडों के उत्पाद लॉन्च और 28 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 के बीच स्वास्थ्य और सौंदर्य उत्पादों पर 50: तक की छूट शामिल है, साथ ही वर्ष 2024 के लिए लुलु नीविया ब्यूटी क्वीन और लुलु रॉयल मिराज मैन ऑफ द ईयर प्रतियोगिता जीतने का अवसर भी है। इस अवसर पर बोलते हुए श्री सुनील शर्मा, डीजीएम, लुलु हाइपरमार्केट लखनऊ ने कहा, ष्लुलु ब्यूटी फेस्ट स्टाइल और आत्म–अभिव्यक्ति का उत्सव है और हम लखनऊ के लोगों के लिए यह असाधारण अनुभव लाने के लिए उत्साहित हैं।

# गांवो की गलियां, ग्रामीणों का हाइवे हैं, इसलिए वह दुरुस्त और स्वच्छ रहनी चाहिए - केशव प्रसाद मौर्य

## विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए हर सम्भव कदम उठायें जांय



लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवो की गलियां ,ग्रामीणों का हाइवे हैं इसलिए वह दुरूस्त और स्वच्छ रहनी चाहिए। विकासकार्य ध रातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए। पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए हर सम्भव कदम उठायें जांय। गांवो की श्रमशक्ति का ह्रास न होने पाए, इसलिए अधिकारी ग्रामीणो को श्रम करने के लिए प्रेरित करते रहें। हल घर नल योजना में खोदी गयी सड़कों की मरम्मत शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर गलियों की गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत कराने में अपना योगदान दें। केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रादेशिक विकास सेवा संगठन का द्विवार्षिक अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य जी ने विकास विभाग के सभी अधि कारियों व उनकी टीम द्वारा प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, 10 लाख, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को आजीविका संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने पर बध ाई दी। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बृहद स्तर पर की जाने वाली चौपालों के आयोजन की प्रभावी व ठोस रणनीति बनायी जाय। कहा कि चौपालों की गम्भीरता बनाये रखी जाय। चौपालों को भव्य स्वरूप दिया जाय। कहा कि विभाग में किसी भी स्तर भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। इसके लिए प्रभावी कदम उठायें जांय। हर दृ ष्टिकोण से ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में नम्बर एक पर रखना है। विभाग की स्वच्छ व ारदर्शी छवि बनाये रखी जाय। अधि कारी गांवो में विकास कार्यों की जमीनी कीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे। उन्होंने कहा कि अपने ऑफिस और कार्य क्षेत्र महीने में कम से कम एक दिन वच्छता के लिए समर्पित करें। महीने कम से कम एक दिन अमृत सरोवरों र स्वच्छता अभियान चलायें। कहा के हर घर नल से जल विश्व की सबसे बड़ी योजना है। इस योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और गलियों की खुदाई करके पाइपलाइन बिछाई जाती है। खुदाई के बाद सड़कों और गलियों की रिपेयरिंग सुनिश्चित होनी चाहिए। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्के घर के साथ–साथ शौचालय, नल से जल, बिजली कनेक्शन और गैस कनेक्शन आयुष्मान कार्ड देने का भी कार्य किया है। कहा कि सरकार के द्वारा प्रदत्त तमाम बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में और अधिक मेहनत करें और उन्नति की ओर आगे बढ़े। जन समस्याओं का निराकरण कराने में कोई कोर कसर बाकी न रखी जाय। उप मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर संगठन की मांगो को शीघ्र पूरा कराने का आश्वाशन दिया। उप मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर लखनऊ विकास भवन स्थित संघ भवन का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया। अधिवेशन को राज्य मंत्री ग्राम्य विकास मती विजय लक्ष्मी गौतम, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार, आयुक्त ग्राम्य विकास जी एस प्रियदर्शी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्बोधित किया मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मती दीपा रंजन मिशन सहित संवर्ग के मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधि ाकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उपायुक्त श्रम रोजगार, संयुक्त विकास आयुक्त खंड विकास अधिकारीयों,सहित मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर प्रादेशिक विकास सेवा संगठन के अध्यक्ष ने कैडर रिव्यू, पीडीएस संवर्ग के सम्बन्धित आधारभूत सुविधाओं के लिए अपने विचारध्मांगध सुझाव दिए।इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह आडिटर एवं जिला विकास अधिकारी द्वारा संवर्ग के सभी सदस्यों द्वारा लोक सेवक के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त रहने एवं शुचिता पूर्ण जीवन हेतु संकल्प दिलाया गया। विगत दो वर्षो में स्वर्गवासी हुए संवर्ग के साथियों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।

# हिन्दी प्रतियोगिता में सी.एम. एस. छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

लखनऊ, 29 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्रों वाची सिंह, अर्णव पाण्डेय, मोहम्मद जेन तारिक खान एवं आराध्या अवस्थी ने नेशनल लेविल पर आयोजित 'इण्डिया हिन्दी स्पेलिंग बी प्रतियोगिता–2024' में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में जहाँ एक ओर वाची सिंह ने 5वीं नेशनल रैंक अर्जित की है, तो वहीं दूसरी ओर अर्णव पाण्डेय ने 8वीं नेशनल रैंक जबकि मोहम्मद जेन तारिक खान एवं आराध्या अवस्थी ने 9वीं नेशनल रैंक अर्जित कर अपने ज्ञान–विज्ञान का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था इण्डिया स्पेलिंग बी के तत्वावधान में किया गया। राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रति छात्रों में रुचि जगाने एवं उनके हिन्दी ज्ञान के विस्तार व विकास के उद्देश्य से यह परीक्षा कक्षा 1 से 9 तक के छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित हुई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों ने हिन्दी वर्तनी, शब्द–विन्यास एवं लेखन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल ने सीएमएस छात्रों के हिन्दी ज्ञान की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन सभी प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।सी.एम.एस. इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है।



# पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में 10,000 निजी मीटर्ड आनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन का लक्ष्य

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति–2022 के तहत पीएम कुसुम घटक सी–1 योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में प्रदेश में विभिन्न क्षमता (03 एचपी, 05 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 एचपी) के 10,000 अदद निजी मीटर्ड ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन का लक्ष्य निर्धारित है। योजनान्तर्गत यूपीनेडा द्वारा विकसित पोर्टल पर पूर्व में किये गये आवेदनध्इच्छुक लाभार्थी कृषकों द्वारा नवीन ऑनलाइन आवेदन कर पोर्टल के माध्यम से कृषक अंशदान 15 दिसम्बर, 2024 तक जमा करते हुए योजना का लाभ "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर उठा सकते हैं।निदेशक यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) घटक सी–1 योजनान्तर्गत प्रदेश में विभिन्न क्षमता के स्थापित निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य 30 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति, वनटागिया एवं मुसहर जाति के कृषकों हेतु राज्य अनुदान 70 प्रतिशत अनुमन्य किया गया है। अन्य श्रेणी के कृषकों हेतु केन्द्रीय अनुदान 30 प्रतिशत के अतिरिक्त 60 प्रतिशत राज्य अनुदान अनुमन्य है एवं 10 प्रतिशत अंशदान कृषकों द्वारा देय है। उन्होंने बताया कि निजी मीटर्ड ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन के लिए कृषक अंशदान के तहत 03 एचपी क्षमता के 4.5 कि0वा0 सोलर पॉवर प्लाण्ट में 23,900 रुपये कृषक अंशदान, 05 एचपी क्षमता के 7.5 कि0वा0 सोलर पॉवर प्लाण्ट में 39,325 रुपये कृषक अंशदान, 7.5 एचपी क्षमता के 11.2 कि0वा0 सोलर पॉवर प्लाण्ट में 54,800 रुपये कृषक अंशदान तथा 10 एचपी क्षमता के 14.9 कि0वा0 सोलर पॉवर प्लाण्ट में 2,26,750 रुपये कृषक अंशदान निर्धारित है।

# विद्यालय में यातायात नियमों का पालन करने हेतु किया जागरुक

## घायल को अस्पताल पहुंचाएं बाद में फिर वीडियो बनाएं - पवन कुमार पाण्डेय

प्रयागराज ष्सड़क सुरक्षा माह नवम्बरष के अन्तर्गत में यातायात जागरुकता कार्यक्रम ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइन्स में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ मुख्य वक्ता में यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय को प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया,सम्मान के क्रम में समाज सेवी नितीश शुक्ल व सतेन्द्र कुमार तथा पूर्व छात्र मृदुल वाजपेई को अंग वस्त्र भेंट किया गया, यातायात निरीक्षक ने 700 छात्रध्छात्राओं व विद्यालय के शिक्षकगण को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। पवन पाण्डेय ने उपस्थित छात्रध्छात्राओं व विद्यालय के स्टाफ को संबोधित करते हुए सड़क दुर्घटना से होने वाले क्षति के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुये यातायात नियमों के पालन करने, दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट न चलाने, दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये जाने, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन संबंधी प्रपत्रों को साथ रखने अथवा डीजी लॉकर में रखने, एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहन को पास दिए जाने, गलत साइड से वाहन न चालने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन पर बात न करने, तेज गति से वाहन न चलाने आदि के सम्बन्ध में विधिक और व्यवहारिक जानकारी दी गयी। यातायात के 10 स्वर्णिम सिद्धान्त,सड़क के प्रकार,सड़क चिन्हों साथ ही महोदय द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिला अपराध ों से सम्बन्धित जानकारी देते हुये शासन और पुलिस द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के बारे में भी जागरुक किया गया। सड़क पर दुर्घटना होने पर घायल व्यक्तियों की मदद करने हेतु 108 नम्बर डायल कर एम्बुलेंस को तथा 112 नम्बर डालय कर पुलिस को सूचना दें। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस द्वारा छात्रध छात्राओं को यातायात नियमों से सम्बन्धित पम्पलेट वितरण किये गये। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने विचार भी व्यक्त किए,कार्यक्रम में विद्यालय अध्यापकगण दीपक यादव, कमलेश चौरसिया, रत्नेश चतुर्वेदी,अशोक मिश्रा, मनीष मिश्रा अन्य लोग भी उपस्थित रहे।




# पर्यटकों के प्रति बदलें व्यवहार, वह हमारे लिए देवतुल्य-जयवीर सिंह

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक पर्यटक को देवतुल्य मानकर आतिथ्य–सत्कार करें, ताकि वह लौटकर उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करें। यही पर्यटक हमारे लिए ब्रांड एंबेसडर का कार्य करेंगे। पर्यटन मंत्री ने ये बातें गुरुवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में पर्यटन विभाग की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आवश्यक नहीं कि प्रदेश में घूमने के लिए आने वाले लोग बहुत ध ानी हों। सामान्य लोगों की भी आस्था और उत्साह होता है, जो कि उन्हें प्रदेश भ्रमण के लिए खींच लाता है। ऐसे में हमें पर्यटकों के प्रति बेहद विनम्र व्यवहार रखना चाहिए। चाहे टैक्सी ड्राइवर, कुली, नाविक हों या दुकानदार, होटल संचालक सभी लोग जो किराया या सामान के मूल्य, जो स्थानीय लोगों से लेते हैं वही उन पर्यटकों से लें। यदि अतिरिक्त पैसा लेते हैं तो गलत हैं। हमें अपनी धारणा बदलने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बहुत से ऐसे देश हैं जिनकी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन है। वहां के लोगों का आगंतुकों के प्रति बहुत ही शालीन और कुशल व्यवहार रहता है। आज हम अपने राज्य में पर्यटन को शिखर पर पहुंचाना चाहते हैं, तो निश्चित रूप से सैलानियों का दिल जीतना होगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि पर्यटन पुलिस और सामान्य पुलिस भी पर्यटकों के प्रति सहज व्यवहार अपनाएं। पुरानी अवधारणा बदलने में स्कूलों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। छात्रों को पर्यटन के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

# निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की क्षमता संवर्धन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

लखनऊ(संवाददाता)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा विभिन्न विकासपरक व अन्य शासकीय योजनाओं को मुकम्मल अन्जाम देने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर सतत् रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दीन दयाल उपाध याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की क्षमता संवर्धन हेतु तीन दिवसीय आवासीय "शी इज ए चेन्जमेकर" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला ग्राम प्रधानों तथा नगर पंचायत की महिला सभासदों द्वारा प्रतिभाग किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न यथोचित व उपयोगी विषयों यथा– 73ध्74 वां संविधान संशोध ान एवं महिलाओं का सशक्तिकरण, स्थानीय नगरीय निकायध्पंचायती राज संस्थाओं की समग्र विकास में भूमिका, महिलाओं से सम्बन्धित नवीनतम विकास योजनाओं और कार्यक्रमों का परिचय, विभिन्न विकास परियोजनाओं में महिलाओं की भागीदारी एवं जेण्डर बजटिंग, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन एवं सम्बन्धित कानून पर चर्चा तथा जानकारी, निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों में नेतृत्व कौशल का विकास, निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों में संवाद कौशल एवं पब्लिक स्पीकिंग आर्ट का विकास तथा स्टेटस मैंनेजमेण्ट एवं व्यक्तित्व विकास इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विभिन्न राज्यध्राष्ट्रीय स्तरीय प्रबुद्ध वार्ताकारों व विषय विशेषज्ञों के माध्यम से महिला जनप्रतिनिध ियों की क्षमता संवर्धन की गयी।प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य स्तरीय प्रबुद्ध शिक्षाविद व पूर्व वरिष्ठ सदस्य लोक सेवा आयोग उ0प्र0 डॉ0 कृष्ण वीर सिंह शाक्य द्वारा महिला जन प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि हमारा संविधान एक पवित्र ग्रंथ के समान है।

# एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

लखनऊ (संवाददाता)। एमएसएमई–विकास कार्यालय, कानपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दलित इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री , उ0प्र0 के सहयोग से एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आज 28 नवम्बर, 2024 को स्थान होटल रेनासेंस, गोमती नगर, लखनऊ में मुख्य अतिथि असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, उ०प्र० एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में डिक्की एसोसिएशन से जुड़े बनारस के उद्यमियों ने अपने स्टाल लगाकर उत्पादों का प्रदर्शन भी किया। विष्णु कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक, एम.एस.एम.ई विकास कार्यालय, कानपुर ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि असीम अरूण, माननीय राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, उ०प्र०, अन्य समस्त गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम में पधारने के लिए हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा संस्थान की कार्य–विधि का विवरण एवं इस कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने यह अवगत कराया कि इस कार्यक्रम से एम.एस.एम.ई इकाइयों तथा सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है। वृहद उद्योग स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों से प्रतियोगी दर पर उनके उत्पादों को क्रय कर सकेंगे। वर्मा ने भारत सरकार द्वारा लागू पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पॉलिसी के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि आने वाले समय में सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों अपनी कुल खरीद का 25 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों (4 प्रतिशत अनुसूचित जातिध्जनजाति वर्ग एवं 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित इकाइयों) से खरीदना आवश्यक है। कुँवर शशांक, अध्यक्ष, दलित इण्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (क्ब्ब्), उ0प्र0 ने अपने सम्बोधन में अपने संगठन द्वारा एमएसएमई क्षेत्र के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में उद्यमियों को अवगत कराया और उनका आह्वान कि एमएसएमई के विकास के लिए एमएसएमई मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम, कौशल विकास कार्यक्रम, प्रबन्धक विकास कार्यक्रम, पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम एवं एमएसएमई आधारित जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेकर अधिक से अधिक लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन के लिए एमएसएमई विकास कार्यालय, कानपुर के संयुक्त निदेशक के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया।मुख्य अतिथि असीम अरूण, माननीय राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, उ०प्र० ने पब्लिक प्रोक्योरमेण्ट पॉलिसी का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए महिलाओं और अनुसूचित जातिध्जनजाति के उद्यमियों का आह्वान किया। उन्होंने पारम्परिक उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कही।

# शंकराचार्य की अपर असम यात्रा पूर्ण

डिब्रूगढ़ ।शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ की अपर असम यात्रा आज पूर्ण हो गई। उक्त अवसर पर डिब्रूगढ के मेयर सैकत पात्रा डिप्टी मेयर उज्जवल फूकन, नार्थ लखीमपुर के विधायक मानव डेका , स्थानीय मेयर, यूवा भाजपा नेता मानस बोरा, जूना अखाडा के महंत त्रिवेणी पुरी, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी,असम अरुणाचल सीमा क्षेत्र के लोगो ने स्वागत कर आशिर्वाद लिया। शंकराचार्य जी नामघर और लखीमपुर ठाकुरवाडी भी गये वहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मगुरु का जोरदार स्वागत किया और शंकराचार्य जी ने सभी भक्तों को धर्म संदेश दिया।



# डा. मंजूषा पाण्डेय दोबारा चुनी गई आईएमए अध्यक्ष, डा. दिलीप झा बने सचिव

## -नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की ली शपथ



अयोध्या(एजेंसी)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव मंगलवार की देरशाम सिविललाइन स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। इस दौरान वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजूषा पाण्डेय दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। वहीं, डॉ. दिलीप कुमार झा को निर्विरोध सचिव चुना गया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. एफबी सिंह की मौजूदगी में आईएमए के अध्यक्ष और सचिव पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। वरिष्ठ सर्जन और पूर्व अध्यक्ष डॉ. रजनीश वर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए डॉ. मंजूषा पांडे का नाम प्रस्तावित किया। वरिष्ठ सर्जन और पूर्व अध्यक्ष डॉ. वी.के. गुप्ता ने उनका समर्थन किया। नामांकन पत्र सही होने और इस पद के लिए कोई अन्य नामांकन न होने के कारण डॉ. मंजूषा पांडेय को वर्ष 2024–25 के लिए अध्यक्ष चुना गया।

इसके बाद श्री राम अस्पताल के पूर्व सीएमएस डॉ. सत्येंद्र सिंह ने सचिव पद के लिए डॉ. दिलीप कुमार झा का नाम प्रस्तावित किया। फिजिशियन डॉ. संजय पांडे ने उनका समर्थन किया। कोई अन्य नामांकन न होने के कारण उन्हें भी निर्विरोध सचिव चुना गया। इसके बाद आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडेय ने कहा कि सभी वरिष्ठ चिकित्सकों के मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास रहेगा। सभी मतभेदों को बुलाकर जिले के सभी चिकित्सकों को एक साथ लेकर संगठन को सशक्त किया जाएगा। पूर्व की भांति चिकित्सक और समाज के हित में भी तमाम कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर वीके गुप्ता, वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉक्टर जीके पांडे, डॉ. आरएस पांडेय, डॉ. आरके राय, डॉ सुमिता वर्मा, डॉ मीरा ,डॉवी पी सिंह, डॉ आर सी अग्रवाल, डॉ सुरतानी ,डॉ कौशल, डॉ जे पी सिंह. शिशिर वर्मा, डॉ उजैर अहमद अंसारी, डॉ केएस मिश्रा, डॉ. शालिनी चौहान, डॉ. आनंद शुक्ला,डॉ आनन्द गुप्ता डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, डॉ. एसके पाठक, डॉ. आरबी वर्मा, डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. एसएम द्विवेदी, डॉ. विकास तिवारी, डॉ. प्रभात दत्त त्रिपाठी, डॉ. हरिवंश शुक्ला समेत 80 से अधिक डॉक्टर शामिल रहे।

# प्रभारी मंत्री ने गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धिया

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। मिल्कीपुर



तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में अधिवक्ताओं के साथ भाजपा नेताओं ने बैठक की। वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रबली सिंह के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहे। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की कल्याण सिंह सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि की शुरूवात की थी। जिसमें दो लाख रुपए की धनराशि सुनिश्चित की गयी थी। जिसे योगी सरकार ने बढ़ा कर पांच लाख किया। अब तक 600 करोड रुपए से ज्यादा की धनराशि बजट में व्यवस्था कराकर अवमुक्त कराई गई है। डेढ़ वर्ष से अयोध्या जिले का प्रभारी हूं। 30 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं को त्वरित गति से पूरा कराया गया है। 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया। जिसे बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा ध्वस्त किया गया था। इसराइल अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। संभल में न्यायालय के आदेश को न मानते हुए अराजक तत्वों ने सुनियोजित दंगे कराए। देश को बांटने जैसी स्थिति पैदा करने का प्रयास किया। संविधान बनाने में सबसे अधिक अधिवक्ताओं का योगदान रहा। जिससे हमारा संविधान अच्छा बन पाया। बीते कुछ दिनों में संविधान से छेड़छाड़ करने वालों ने ही नैरिटिब फैलाया कि संविधान से छेड़छाड़ की जा रही है। जबकि विपक्षी सरकारों ने संविधान से छेड़छाड़ किया। जबरन देश में इमरजेंसी लगाई गई। सभी मौलिक अधिकारों को सस्पेंड किया गया मोदी जी की सरकार ने तो सिर्फ संविधान में बाद में जोड़ी गयी धारा 370 को हटाया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने गांव गांव में सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूल बनवाए। योगी की सरकार ने उनका कायाकल्प कराया। ग्रामीणों के लिए बिजली, पानी, सड़क और गरीबों के इलाज की व्यवस्था की। किसानों के लिए पीएम किसान सम्मन निधि की व्यवस्था की 70 वर्ष से ऊपर की वृद्धो के लिए आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था की। वहीं प्रभारी मंत्री ने मिल्कीपुर ब्लाक सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा हाई कोर्ट से याचिका वापस होने के बाद कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुट जाने का आवाह्न किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कांत यादव, पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला, पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, खुशीराम पांडे, अनिल पाठक, अरविंद पांडे ,अमरजीत सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, शीतला प्रसाद वाजपेई, अभय सिंह, राधेश्यामत्यागी, सियाराम रावत, धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे मौजूद रहे।

# उपचुनाव टालने के जिम्मेदार सांसद, हाईकोर्ट के आदेश की कापी का करें अध्यनन :गोरखनाथ बाबा



अयोध्या(एजेंसी)। मिल्कीपुर में उपचुनाव टलने का जिम्मेदार सांसद अवधेश प्रसाद को पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने बताया है। अवधेश प्रसाद के अधिवक्ता न खड़ा करने के बयान को गुमराह करने वाला बताते हुए पूर्व विधायक ने हाईकोर्ट के द्वारा रिट याचिका खारिज करने के आदेश की कापी का अध्ययन करने की नसीहत सांसद व उनके समर्थको को दी है। पूर्व विधायक के अनुसार हाईकोर्ट के आदेश में प्रतिवादी के रुप में अवधेश प्रसाद व अधिवक्ताओं का नाम लिखा है।पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा का कहना है कि मिल्कीपुर चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा की हार तय थी। इस कारण से सांसद अवधेश प्रसाद ने अपने अधिवक्ता को खड़ा करने उपचुनाव को टालने का प्रयास किया था। परन्तु जनता के बीच वह इसे स्वीकार नहीं कर रहे थे। सांसद खुद के द्वारा अधिवक्ता न खड़ा करने की बात तत्समय कह रहे थे। जनता को गुमराह करने का प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा था। अब हाईकोर्ट के आदेश की कापी उनके गुमराह करने की राजनीति का जवाब दे रही है। पूर्व विधायक का कहना है कि सपा के पास राजनीति करने के लिए कुछ बचा नहीं है। वह मुद्दों के आधार पर राजनति न करके झूठ का सहारा लेकर लोगो को गुमराह लगातार कर रही है। परन्तु इस तरह की राजनति लम्बी नहीं होती है। मिल्कीपुर की जनता अब सच जान चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मिल्कीपुर आगामी चुनाव में रिकार्ड स्तर पर विजय के लिए अग्रसर हो रहा है, इसलिए सपा इस तरह की राजनीति का सहारा ले रही है।

# तहसील सोहावल में तीन दिन की नीलामी पांच दिन में भी नहीं हुई पूरी

## -बिचौलियों की घुसपैठ बनी परेशानी का सबब

सोहावल–अयोध्या(एजेंसी)। तहसील के दोनों विकास खण्ड से तैयार की गयी तालाब आबंटन की सूची में दर्ज तालाबों की नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। क्षेत्र के चयनित 302 तालाबों से पांच दिन में सिर्फ 43 की ही नीलामी प्रक्रिया पूरी हो सकी। मत्स्य पालन के लिए मछुआ समुदाय से जुड़े ग्रामीणों को आबंटित होने वाले इस आबंटन में कथित बिचौलियों की घुसपैठ अब तक ज्यादा रही है।इस नीलामी प्रक्रिया में परेशानी का कारण बन बोली लगाने वालों को बरगलाकर अपना हित साधते दिखे। अब बोली लगाकर हजारों रुपये की भारी जमानत रकम जमा करने वाले अपनी नीलामी निरस्त कराकर धन राशि वापस का प्रयास कर रहे हैं।बीते 22 नवंबर से शुरू हुई मसौधा ब्लाक के 01 से 118 और रौनाही के 119 से 302 क्रमांक के तालाबों की नीलामी के दौरान पूरे दिन भर बोली स्थल सभागार में भीड़ का दृश्य बना रहा। बोली कराने वाले अधिकारी इनकी भीड़ से इतने घिरे रहे कि एक दूसरे की आवाज तक समझ पाना मुश्किल हो रहा था। एक विकास खण्ड से कुछ दर्जन भर तालाबों की नीलामी पूरी हो सकी। बोली के नियम और शर्तें फार्म में इतनी बारीक लिखी थी कि बिचौलियों ने ठीक से पढ़ा तक नहीं जो धन राशि एक वर्ष के लिए थी।उसे 10 वर्ष की समझ कर बोली बढ़ाते गए और धन राशि जमा करा दी। तीसरे दिन जब यह राज खुला तो कई के चेहरे उतर गए इन्हें नीलामी घाटे की लगने लगी। नतीजा बुधवार को जगनपुर निवासी शमशाद एक तलाब की सबसे ज्यादा 4 लाख 32 हजार की बोली पर लेने वाले लोग नीलामी वापस करने की प्रक्रिया पर उतर आये हैं। हालत यह है कि नीलामी का पूरा हिसाब गड़बड़ा गया है।जबकि जिम्मेदार सही आंकड़ा नहीं निकाल पा रहे हैं। पूंछे जाने पर नायब तहसीलदार रौनाही रेशू जैन ने बताया कि मसौधा क्षेत्र के 27 आवंटन से 2 लाख 69 हजार 200 रु का राजस्व आया है। जबकि रौनाही क्षेत्र से 16 आवंटन से एक लाख 28 हजार का राजस्व आया है। शेष बचे हुये तालाबों की नीलामी प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जायेगी।

# अवैध गांजे के साथ पश्चिम बंगाल का युवक गिरफ्तार

गोसाईंगंज–अयोध्या(एजेंसी)। गोसाईंगंज कोतवाली पुलिस ने इलाके से पश्चिम बंगाल के एक युवक को भारी मात्रा मेंअवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक बुधवार को दोपहर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान गददौपुर बाइपास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया।पकड़ेगए युवक की पहचान मीजान शेख पुत्र तोरप शेख निवासी सोनाताला पूर्वापारा थाना नाका सिपारा जनपद नादिया पश्चिम बंगाल के रूप में हुई।जामातलाशी में युवक के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।बरामद गांजे का कुल वजन1200ग्राम था।अभियुक्त को गिरफ्तार करने में एसआई वीरेंद्रकुमार राय, सिपाही अनुराग कुमार की भूमिका रही।

# तालाब आवंटन लक्ष्य को शिविर लगाकर करायें पूर्ण :गौरव दयाल



अयोध्या(आरएनएस)। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें जिलाधिकारी अयोध्या चन्द्र विजय सिंह,बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार, सुल्तानपुर कृत्तिका ज्योत्सना, व जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर अविनाश सिंह सहित मण्डल के सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।मण्डलायुक्त ने समीक्षा के दौरान कहा कि मण्डल के जनपदों को शासन द्वारा मत्स्य पालन हेतु तालाब आवंटन का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसको शिविर लगाकर शत प्रतिशत आवंटन पूर्ण करायें। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मण्डल के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा श्रमिक बन्धुओं हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती है। इन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर श्रमिक बन्धुओं को इन कल्याणकारी योजनाओ से जोड़ा जाए। मण्डलायुक्त ने दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि दिव्यांगजन पेंशन में फैमिली आईडी से संबंधित लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए मुख्य विकास अधिकारी प्राथमिकता पर कार्य करें। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी जिलाधिकारी हर घर जल योजना के तहत बनायी जा रही पानी की टंकियों एवं अन्य कार्यो की जांच हेतु स्थलीय निरीक्षण करें तथा सभी मुख्य विकास अधिकारी इस योजना के अन्तर्गत पायी जा रही कमियों के सम्बंध में एक चेक प्वाइंट बना कर इन कमियों को दुरुस्त करायें। मण्डलायुक्त ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि बीज सरकार द्वारा निर्धारित मूल्यों पर ही किसानों को उपलब्ध हों तथा सभी जनपदों में उर्वरक किसान भाईयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया तथा खाद की जमाखोरी न होने पाये। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही विभिन्न प्रकार की शिकायती सन्दर्भो का निस्तारण गुणवत्ता के साथ स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित किया जाय। मण्डल में लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो को गुणवत्ता के अनुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

मंडलायुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में पंडित दीनदयाल स्ट्रीट लाइट योजना, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, जल निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गोंका अनुरक्षण, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना, सौभाग्य योजना आदि विभागों की योजनाओं का गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियोंको निर्देशित किया कि अपने–अपने विभाग की योजनाओंकार्यों तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुंचाया जाये। बैठक मेंबिन्दुवार विवरण संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार ने प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी, मुख्य विकास अधिकारी अयोध्याकृष्ण कुमार सिंह, बाराबंकी ए0 सुधन, अमेठी सूरज पटेल, सुल्तानपुर अंकुर कौशिक,अम्बेडकरनगर आनन्द कुमार शुक्ला, मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण, सिंचाई, विद्युत, अधीक्षण अभियंतागण, वन संरक्षक, अपर निदेशक शिक्षा, संयुक्त निदेशक,जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य मण्डल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अभिषेक को भाषण प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रथम स्थान

अयोध्या(एजेंसी)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देशक्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के सुअवसर पर राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कराई। जिसमें अवध विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफ आर्ट्स प्रथम वर्ष के अभिषेक श्रीवास्तव ने बुधवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में भाषण प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने विद्यार्थी के साथ प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी प्रो0 गंगाराम मिश्र एवं उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतिभाग करना यह सिद्ध करता है कि हमारे यहां विद्यार्थियों में प्रतिभाओं की कमी नही है। मालूम हो कि राजभवन के निर्देशक्रम में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रथम चरण की प्रतियोगिता कराई गई जिनमें भाषण, कविता लेखन, देशभक्ति गीत, निबंध लेखन, एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता हुई। इनमें द्वितीय चरण के लिए विजेताओं का चयन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थी अभिषेक श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त करके राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। इस प्रतियोगिता में डॉ. रमेश मिश्रा सहित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के नोडल अधिकारी एवं निर्णायक मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतर्वेदी ने बताया कि 29 नवम्बर को विश्वविद्यालय में द्वितीय चरण की निबंध प्रतियोगिता कराई जायेगी।

# रामकृष्ण सेवा फाउडेशन प्रत्येक रविवार को वितरित करेगा कंबल

अयोध्या(एजेंसी)। जिले में शीतलहर शुरू हो चूका है। लोग ठण्ड से बचे रहे, लिहाजा अब प्रत्येक रविवार को राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में जरुरतमंदों को गर्म कंबल वितरित किया जायेगा। जिसकी शुरुवात एक दिसम्बर से होगा। इस दौरान अयोध्या के बिभिन्न घाटों पर रहने वाले जरुरतमंदों को चिन्हित करके उन्हें कंबल मुहैया कराया जायेगा। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जनसेवा है और संस्था द्वारा जनहित कार्यों के अंतर्गत निरंतर रक्तदान शिविर, भोजन वितरण, पौधरोपण व स्वास्थ्य शिविर के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्य निरंतर किये जा रहें है। इसी क्रम में अब हर रविवार को जरुरतमंदो को कंबल दिया जायेगा जिससे वो इस ठण्ड में सुरक्षित रह सके। यह वितरण कार्य ठण्ड के मौसम में हर रविवार को रात्रि में होगा। उन्होंने कहा है कि समय समय पर संस्था द्वारा गाँव व कस्बे में शिविर के माध्यम से कम्बल बांटे जाते है लेकिन शिविर में वास्तविक जरुरतमंद नहीं पहुंच पाते है इसलिए संस्था की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अब संस्था के सदस्य रात्रि में हर रविवार को रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, सरयू के विभिन्न घाटों व मलिन बस्तियों में चिन्हित करके उन्हें कंबल मुहैया कराएंगी ,जिससे पात्र लोगों तक कंबल पहुंच सकें।

# महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार के महिला बैरक का किया निरीक्षण

मीरजापुर(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती नीलम प्रभात द्वारा जिला कारागार मिर्जापुर की महिला बैरक में निरूद्ध महिला बन्दियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों की कुशलता जानने की गरज से बुधवार को निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के समय कारागार के मुख्य गेट पर सदस्य को पीएसी के सशस्त्र गार्ड द्वारा सलामी दी गयी. निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला प्रोवेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, उप जिला मजिस्ट्रेट, उपस्थित रहें निरीक्षण के दौरान महिला बैरक गेट पर स्मिता भाटिया, उप जेलर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सदस्य का स्वागत किया गया. तत्पश्चात जेलर राजेश कुमार वर्मा से महिलाओं एवं महिला बंदियों के बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी. जेलर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 27 महिला बन्दी निरूद्ध है, जिसमें महिला बन्दी नगीना देवी का एक 6 माह का पुत्र एवं दुलारी देवी की एक पुत्री 3 वर्ष 6 माह की है. सदस्य द्वारा महिला बन्दियों के बच्चों को चाकलेट का पैकेट एवं वस्त्र प्रदान किया गया. बंदी महिलाओं के बच्चों को मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा गया, जिस पर महिला बन्दियों ने बताया कि उनके बच्चों को फल व दूध प्रतिदिन मिलते है, इसके अतिरिक्त बच्ची थोड़ा बहुत खाना भी खाती है. महिला बैरक के अन्दर महिला बन्दियों के पठन–पाठन के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त किये जाने पर जेलर द्वारा अवगत कराया गया कि महिला बन्दियों को शिक्षित किये जाने हेतु एक शिक्षाध्यापक संतोष कुमार पाण्डेय नियुक्त है, जिनके द्वारा बन्दियों को शिक्षित किये जाने के साथ–साथ पीटी एवं योग भी कराया जाता है. महिला बैरक के अन्दर झूले, क्रेच, वाटर पियूरीफायर, गीजर तथा साफ–सफाई की व्यवस्था देखकर सदस्य द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा कहा गया कि महिला बंदियों को जेल में अनुमन्य सुविधाएं देने के साथ उनके बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा संस्कार के साथ उनके उत्तम स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जाए इसमें किसी भी प्रकार की कोई भी कोताही सामने नहीं आनी चाहिए. उन्होंने कहा ताकि यह बच्चे यहां से निकलने के बाद नेक राह और शिक्षा संस्कार को अपनाने में कामयाब हो, उनके उपर जेल की छाप न हो. इस अवसर पर स्मिता भाटिया, उप जेलर, ज्ञानेन्द्र स्वरूप दूबे, उप जेलर, विजय शंकर दूबे, उप जेलर, सुनीता देवी, महिला हेड जेल वार्डर एवं अनीता देवी, महिला जेल वार्डर आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहें.

# चार बाल वैज्ञानिकों ने अपने हुनर का बिखेरा जलवा, किये गये पुरस्कृत

मीरजापुर(एजेंसी)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन लखनऊ स्थित अटल विहारी वाजपेयी साइंसटिफिक कन्वेंशन सेंटर लखनऊ में बुधवार, 27 नवम्बर 2024 को आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी मंत्री अनिल कुमार राजभर एवं राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल, प्रमुख सचिव पंधारी यादव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इस दौरान मंडल समन्व्वयक सुशील कुमार पाण्डेय प्रवक्ता भौतिक विज्ञान गुरुनानक इंटर कॉलेज मिर्जापुर को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल एवं प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी पंधारी यादव ने बच्चों को विज्ञान में अभिरुचि बढ़ाने एवं जन–जन में विज्ञान के महत्व बताने हेतु प्रोत्साहन सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया.

# रोजगार मेले का आयोजन 30 को

अयोध्या(एजेंसी)। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान 30 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां यथा टाटा विस्ट्रान, डिक्सन टेक्नोलॉजी प्रा0लि0, अडानी पावर, मैपल स्टफिंग सॉल्यूशन प्रा0लि0, यशस्वी स्किल लि0, ब्राइट फ्यूचर, शिव शक्ति एग्रीटेक लि0, अनुदीप फाउंडेशन, पुखराज हेल्थ केयर इत्यादि प्रतिभाग करेंगे। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आई0टी0आई0 एवं डिप्लोमा प्रतिभाग कर सकतेहै। अभ्यर्थियो का सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उक्त दिनांक में झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, अयोध्या में उपस्थित हों। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं हुआ है, वे भी इस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

# अपनी सांस्कृति को बचाना आज बहुत जरूरी-पं रत्नाकर मिश्र

## ’हम अपने पुरातन आदर्श को न भूलें- भोलानाथ कुशवाहा

## ’विंध्य धाम में शविंध्य शिखर मिर्जापुरश पुस्तक का हुआ विमोचन

मीरजापुर(एजेंसी)। मां विंध्यवासिनी के पावन धाम में विधायक निवास पर मिर्जापुर की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित पुस्तक शविंध्य शिखर मिर्जापुर का विमोचन समारोह एवं पुस्तक परिचर्चा मंगलवार की शाम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित नगर विधायक माननीय पंडित रत्नाकर मिश्र के कर कमलों द्वारा जिले के वरिष्ठ साहित्यकारों एवं संभ्रांत नागरिकों की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पुस्तक के उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा इसे अपनी खोती जा रही संस्कृति को बचाए रखने के लिए आवश्यक बताया और कहा कि हम अपने पुराने आदर्शों को न भूलें। हिंदी श्री साहित्य संस्थान मिर्जापुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत चर्चित साहित्यकार आनंद अमित के सरस्वती वंदना एवं मां विंध्यवासिनी की आराधना से हुआ। मिर्जापुर के मूल निवासी एवं गाजियाबाद में निवासरत इस पुस्तक के लेखक डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ठ अतिथि एवं अन्य सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने इस पुस्तक के लेखक डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव को अंग वस्त्रम से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे साहित्यकार आनंद अमित ने सभी अतिथियों का परिचय, स्वागत एवं पुस्तक के प्रकाशन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने पुस्तक विमोचन कर पुस्तक के संदर्भ पर विस्तृत रूप से अपने विचार व्यक्त किया और बहुत सी बातें उन्होंने उपस्थित श्रोताओं के समक्ष रखी। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिस मां विंध्यवासिनी की महिमा का वर्णन देवता लोग भी नहीं कर सकते, उनका वर्णन हम मनुष्य लोग क्या कर पाएंगे। उन्होंने आज सांस्कृतिक चेतना के लुप्त होने पर चिन्ता व्यक्त की। परिचर्चा के क्रम में राजीव मिश्रा, तरुण पांडेय, अनिल मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि राजपति ओझा ने साहित्यिक विमर्श में भाग लिया। प्रारम्भ में लेखक ने पुस्तक की प्रस्तावना, उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा स्पष्ट किया कि जिस जिले में मां विंध्यवासिनी, मां अष्टभुजा एवं मां काली एक साथ विराजमान हों, उस जिले का वर्णन किसी एक लेखक द्वारा संभव नहीं है, इसके लिए साहित्यकारों एवं विद्वानों की पूरी टीम को वर्षों तक लिखना पड़ सकता है। साहित्यकार आनंद अमित ने अपनी गीतों से सबको आकृष्ट कर आनंद की अनुभूति कराई।

# पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक आज

अयोध्या(एजेंसी)। प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु गठित पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक उपाध्यक्ष, पूर्वांचल विकास बोर्ड नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 28 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से आयुक्त सभागार में आहूत की गयी है। बैठक में पदाधिकारी, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, विशेष सचिव नियोजन, प्रशासनिक विभागों के मुख्यालय के अधिकारी तथा मण्डल के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग कर पूर्वांचल क्षेत्र के विकास हेतु विचार विमर्श कर सुझाव दिये जायेंगे। इससे पूर्व बोर्ड के उपाध्यक्ष सर्किट हाउस अयोध्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्वांचल क्षेत्र के त्वरित विकास हेतु पूर्वान्ह 9:30 से 10:30 बजे तक अपने सुझाव मा0 उपाध्यक्ष, पूर्वांचल विकास बोर्ड को उपलब्ध कराये जा सकते है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 30 नवंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com




# जलवायु परिवर्तन के खतरों से बच्चों को बचाएं

ललित गर्ग ।

वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी।हाल ही में प्रस्तुत हुई यूनिसेफ की रिपोर्ट 'द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' ने भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों, त्रासद स्थितियों एवं भयावह भविष्य को उजागर किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उस समय जन्म लेने वाले बच्चों को जन्म के बाद जीवन में जलवायु परिवर्तन के संकटों से जुझना होगा, भीषण लू, गरमी, बाढ़, तूफान, चक्रावात और अनेक जलवायु जनित बीमारियों से सामना करना होगा। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में यह संख्या ज्यादा है। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 2050 में बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में लगभग आठ गुना ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ सकती है। जाहिर है, जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों, विषमताओं व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरों के लिये संवेदनशीलता के साथ सावधान एवं सतर्क होने एवं उचित–प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों–रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित–आदर्श समाज–व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर–जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं।बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी–झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं–जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं–किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। वर्तमान में पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो अगर सरकारें अभी से नहीं चेती तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर एवं कायम करने के लिये सरकारों को गंभीर होना होगा।

बच्चे के जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान आधुनिक मानवतावाद और पूंजीवाद से प्रभावित होकर प्रदर्शन पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। इससे परिवारों और बाल देखभाल प्रदाताओं पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। वर्तमान में मौजूद रहने के बजाय, लोग भविष्य के बारे में सोचने में अधिक से अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। और ज्यादातर मामलों में वे इस बारे में नहीं सोच रहे हैं कि व्यापक अर्थों में सफल जीवन कैसा हो सकता है, बल्कि इसके बजाय वे स्कूल और कार्यस्थल में सफलता के बारे में सोच रहे हैं। यह कुछ कौशलों पर बहुत अधिक जोर देता है, जबकि अन्य–जैसे रचनात्मकता, सामाजिक क्षमता, जीवनमूल्य और उत्साह–को कम महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि वे अधिक उन्नत शैक्षणिक ट्रैक या अधिक प्रतिष्ठित करियर में चयन के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। इसका परिणाम यह होता है कि बच्चों में कई प्रतिभाएँ अविकसित रह जाती हैं। अगर समाज को भविष्य की चुनौतियों का सामना करना है–चाहे वह भविष्य आखिरकार कैसा भी क्यों न हो, तो भविष्य के खतरों की आहट को सुनते हुए जागरूक होना होगा। साफ है, नीति के स्तर पर प्रदूषण एवं बदलते मौसम की मार के लिये काम करना होगा। कम से कम भविष्य या बच्चों के लिये तो ऐसा किया ही जाना चाहिए।निश्चित ही यूनिसेफ की हालिया रिपोर्ट बच्चों के भविष्य की चिंताओं पर मंथन करने तथा उसके अनुरूप नीति–नियंताओं से नीतियां बनाने का सबल आग्रह करती है। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डिजिटल विभाजन भी एक बड़ी चुनौती होगी। तब तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग चरम पर होगा। जाहिर है कृत्रिम बुद्धिमत्ता जहां तरक्की का मुख्य साधन होगी, वहीं इसकी विसंगतियों का प्रभाव रोजगार के अवसरों एवं सामाजिक–पारिवारिक संरचना पर भी पड़ेगा। जहां दुनिया के विकसित देशों में अधिकांश आबादी इंटरनेट से जुड़ने के कारण प्रगति की राह में सरपट दौड़ रही है, तो गरीब मुल्कों में यह प्रतिशत विकसित देशों के मुकाबले करीब एक चौथाई ही है। ऐसे में समतामूलक आदर्श समाज की स्थापना के लिये डिजिटल डिवाइड को खत्म करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके मद्देनजर हमारी कोशिश हो कि आधुनिक प्रौद्योगिकी का स्वरूप समावेशी हो। ताकि आधुनिक तकनीक तक बच्चों की समान व सुरक्षित पहुंच हो सके। निर्विवाद रूप से बच्चे आने वाले कल के लिये देश का भविष्य निधारक होते हैं। ऐसे में हर लोक कल्याणकारी सरकार का नैतिक दायित्व है कि अपनी रीतियों–नीतियों में बच्चों के हितों व अधिकारों को प्राथमिकता दे। तभी हम उनके सुखद भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

### नीतिगत क्रियान्वयन से भारत में सहकारिता आंदोलन को दिया जा रहा बढ़ावा

साझा आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समावेशी विकास रणनीति सहकार से समृद्धि के देश में अब तक काफी कारगर नतीजे सामने आए हैं। स्वतंत्रता से पहले के दौर में अगर हम भारत में सहकारिता आंदोलन की उत्पत्ति को देखें तो पाएंगे कि इसकी शुरुआत किसानों की गरीबी कम करने की चुनौती से हुई थी, जिसका मुख्य कारण बार–बार पड़ने वाला सूखा और साहूकारों की सूदखोरी प्रवृत्ति था। एनएएफआईएस, 2021–22 के अनुसार यह काफी प्रसन्नता का विषय है कि ग्रामीण सहकारी ऋण संस्थानों के माध्यम से केंद्र सरकार की निरंतर और लक्षित वित्तीय समावेशी पहलों के कारण, ग्रामीण परिवारों की साहूकारों और जमींदारों पर निर्भरता अब घटकर मात्र 4.2 प्रतिशत रह गई है।

भारत में सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने वाली प्रारंभिक शक्तियां भले ही अब कमजोर पड़ रही हों, लेकिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस समय कई नई और जटिल उभरती चुनौतियां हैं, जिनके लिए सहकारी आंदोलन को नई दिशा और उस पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो सके। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सपना देखा है, उसी के अनुरूप देश 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

इन नई चुनौतियों में किसानों की आय बढ़ाने से लेकर एक कुशल ग्रामीण आपूर्ति श्रृंखला हासिल करना, स्थायी आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति को कम करना, कृषि के अलावा अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना, कृषि उत्पादकता तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले प्रयासों को बढ़ाना और डिजिटल क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाना शामिल है। सहकारी संस्थाएं अपने मजबूत स्थानीय ज्ञान, पूर्व की घटनाओं से अनुभव हासिल कर भविष्य की नई योजनाएं, संपर्क कार्यक्रम बनाने तथा इन्हें मजबूत करने की क्षमता और नए कारोबारी माहौल के अनुरूप ढलने के कारण इन चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष रूप से उपयुक्त हो सकती हैं। सहकारी संस्थाओं के लिए मददगार नीतियां बनाने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र महासभा की श्सामाजिक विकास में सहकारी समितियों पर रिपोर्ट्य (जुलाई 2023) से जानकारी प्राप्त करना उपयोगी हो सकता है, जो इस बात पर जोर देती है कि सहकारी समितियां बाजार संबंधी विफलताओं से निपटने, हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाकर सतत विकास को सहारा देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। यह रिपोर्ट सहकारी समितियों के लिए एक उद्यमी प्रक्रियागत दृष्टिकोण की सिफारिश करती है, जो एक स्थानीय माहौल में आपस में जुड़े हुए नेटवर्क के माध्यम से सभी हिस्सेदारों को जोड़ती है।

भारत के सहकारी क्षेत्र में दूध और चीनी के क्षेत्रों में मिली अपार सफलता केवल एकीकृत दृष्टिकोण के महत्व को ही प्रमाणित करती है। इसका एक और अन्य सफल उदाहरण भारत की सबसे पुरानी श्रमिक सहकारी संस्था – उरालुंगल लेबर कॉन्ट्रैक्ट को–ऑपरेटिव सोसाइटी का है, जो बुनियादी ढाँचे से जुड़ी है और इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 साल पूरे कर रही है। यह वैकल्पिक उद्यमशीलता मॉडल का एक अनूठा उदाहरण है। यहां सहकारिता के दो विशिष्ट पहलुओं का उल्लेख करना आवश्यक हैरू पहला, सहकारी समितियों के बीच सहयोग का महत्व – जब उरालुंगल को एक सड़क परियोजना हेतु लिए गए भारी कर्ज की किश्तें चुकानी थीं, तो उसने 38 प्राथमिक सहकारी समितियों का एक संघ बनाया और उनकी मदद से यह भारी राशि जुटा सकी, जिससे उसकी साख भी बनी रही और साथ ही उसका विस्तार भी हुआय दूसरा, निजी फर्मों के विपरीत, संकट की स्थिति में एक श्रमिक सहकारी समिति द्वारा रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

अमित शाह के शानदार नेतृत्व में भारत सरकार में एक नए सहकारिता मंत्रालय के गठन के परिणामस्वरूप सहकारी समितियों के लिए भारत में हाल की नीतियों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उभरती चुनौतियों की व्यापक और जटिल प्रकृति को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। इस तरह के कुछ बड़े प्रयासों में कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का गठन, इसे कंप्यूटरीकृत करना, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और पैक्स के लिए खुदरा पेट्रोलध् डीजल आउटलेटध्एलपीजी वितरण अधिकारय सहकारी क्षेत्र में गोदामों का व्यापक नेटवर्कय मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) का गठनय शामिल नहीं की गई पंचायतों में नए बहुउद्देशीय पैक्सध्डेयरीध मत्स्य सहकारी समितियां और पैक्स के लिए मॉडल उप–नियम शामिल हैं।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), सहकारी समितियों के लिए अपने बहुस्तरीय और गतिशील रूप से उत्तरदायी सहयोगात्मक ढांचे के साथ, मंत्रालय के मार्गदर्शन में, सतत प्रक्रिया के रूप में नीति क्रियान्वयन से जुड़े लोगों को सक्षम बनाता है जिसमें (अ) ग्रामीण सहकारी बैंकों को पुनर्वित्तपोषण का प्रावधान, कृषि, संबद्ध क्षेत्रों और ग्रामीण गैर–कृषि गतिविधियों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋण देने के लिए उनके संसाधनों में पूर्ति करनाय (ब) सहकारी विकास निधि के माध्यम से विकासात्मक समर्थन और वित्तीय समावेशन निधि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देनाय (स) नीति और कार्यान्वयन समर्थन, जैसे पैक्स का कम्प्यूटरीकरण और 300 से अधिक ई–सेवाएं प्रदान करने वाले सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में पैक्स का कार्यान्वयन, और (द) वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षण जैसे प्रयास शामिल हैं।

नाबार्ड सहकारी समितियों को एक–दूसरे के तुलनात्मक लाभों से लाभान्वित करने की सुविधा प्रदान कर इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए सहकारी समितियों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। इस पहल में वित्तीय पक्ष से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिंदु– सहकारी समितियों और उनके सदस्यों के मौजूदा बैंक खातों को विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों में समेकित करना और उन्हें एक केंद्रीकृत जिलाध्राज्य सहकारी के तहत रखना होगा, जिससे सहकारी प्रणाली के संसाधन प्रणाली के भीतर ही बने रहेंगे।

# ममता का जादू बरकरार

eमता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की शेरनी यूं ही नहीं कहा जाता है। वे अकेले दम पर भाजपा को ही नहीं वाममोर्चा और कांग्रेस को भी पानी पिला रही हैं। हाल ही सम्पन्न हुए उपचुनाव के नतीजों ने भी यही साबित किया है। पश्चिम बंगाल के छह निर्वाचन क्षेत्रों– नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा, सीताई (एससी) और मदारीहाट (एसटी) में उपचुनाव हुए थे। इसी साल 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने के बाद विधायकों द्वारा अपनी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण ये सभी सीटें रिक्त हुई थीं। तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल उपचुनाव में क्लीन स्वीप किया है। टीएमसी ने अपनी पांच सीटें बरकरार रखीं और मदारीहाट सीट भाजपा से छीन ली है। इस जीत के साथ पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राजनीतिक प्रभुत्व और मजबूत हो गया है। यहां तक कि आरजी कर की जघन्य घटना पर चल रहे विरोध प्रदर्शन भी मतदाताओं को प्रभावित करने में विफल रहे।

पश्चिम बंगाल के छह निर्वाचन क्षेत्रों– नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा, सीताई (एससी), और मदारीहाट (एसटी) में उपचुनाव हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद पिछले महीनों के तनावपूर्ण माहौल के मद्देनजर इन उपचुनावों को ममता बनर्जी की सरकार की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा था। गत 23 नवम्बर को घोषित परिणाम में ममता बनर्जी शत प्रतिशत सफल रही हैं । छह में से उत्तर बंगाल की मदारी हाट सीट तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा से छीन ली है। इसके साथ ही दक्षिण बंगाल की पांच सीटों पर ममता बनर्जी ने अपना कब्जा बनाए रखा। यह तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। टीएमसी की इस ऐतिहासिक जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर लिखा, मां–माटी–जनता को विनम्र हृदय से प्रणाम। जय बांग्ला। इस प्रकार पश्चिम बंगाल उपचुनाव के नतीजे यह दर्शाते हैं कि ममता बनर्जी की नेतृत्व क्षमता और टीएमसी की रणनीति को जनता का पूरा समर्थन मिला है।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का जादू एक बार फिर चल गया है। दरअसल, उपचुनाव में टीएमसी ने 6 में से 6 सीटों पर कब्जा जमा लिया है, जो सत्ता का ख्वाब देख रही भाजपा के लिए किसी झटके से कम नहीं है। बंगाल विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की है। सिताई, मदारीहाट, नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर और तालडांगरा सीटों पर हुए चुनाव में टीएमसी ने विपक्ष को करारी शिकस्त दी। गत 13 नवंबर को इन सीटों पर मतदान हुआ था और 23 नवंबर को नतीजों का ऐलान किया गया।

सिताई सीट पर टीएमसी उम्मीदवार संगीता रॉय ने भाजपा के दीपक कुमार को 1,30,636 वोटों के बड़े अंतर से हराया।संगीता रॉय को 1,65,984 वोट मिले जबकि दीपक कुमार 35,348 वोट पर ही सिमट गये। मदारीहाट सीट पर टीएमसी के जय प्रकाश टोप्पो ने भाजपा उम्मीदवार राहुल लोहार को 28,168 वोटों से पराजित किया। जय प्रकाश टोप्पो को 79,186 वोट मिले जबकि राहुल लोहार 51,018 वोट ही पा सके। नैहाटी सीट पर टीएमसी के सतन डे ने भाजपा के रूपक मित्रा को 49,277 वोटों के अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सतन डे को 78,772 वोट मिले जबकि रूपक मित्रा को 29,495 वोट मिल पाये। हरोआ सीट से टीएमसी उम्मीदवार शेखा रबी उल इस्लाम ने ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट के पियारूल इस्लाम को 1,31,388 वोटों के अंतर से हराया। शेख रबी उल इस्लाम को 1,57,072 वोट मिले जबकि पियारूल इस्लाम को 25,684 वोट ही मिल सके। यहां भाजपा उम्मीदवार बिमल दास 13,570 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह मेदिनीपुर सीट पर टीएमसी के सुजय हाजरा ने भाजपा उम्मीदवार सुभाजीत रॉय (बंटी) को 33,996 वोटों से हराया। सुजय हाजरा को यहां 1,15,104 वोट मिले जबकि सुभाजीत रॉय के खाते में सिर्फ 81,108 वोट ही आये। तालडांगरा सीट पर टीएमसी उम्मीदवार फाल्गुनी सिंघबाबू ने भाजपा की अनन्या रॉय को 34,082 वोटों के अंतर से हराकर जीत हासिल कर। फाल्गुनी सिंघबाबू ने 98,926 वोट पाये जबकि अनन्यारॉय को 64,844 वोट मिल पाये।

दूसरी तरफ देखें तो भाजपा की चुनौती भी लगातार मजबूत हो रही है। बंगाल में भाजपा अपनी पकड़ बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी का फोकस स्थानीय जरूरतों और जनभावनाओं पर रहा है जिसका असर नतीजों में साफ दिखता है। तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने जीत के लिए मां–माटी–मानुष को धन्यवाद दिया। साथ ही भाजपा पर परोक्ष तौर पर निशाना साधते हुए कहा, हम जमींदार नहीं बल्कि लोगों के पहरेदार हैं। दूसरी तरफ बंगाल भाजपा के सह–प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि ममता के लिए यह खून से सनी जीत है।

सबसे दयनीय स्थिति तो वाममोर्चा और कांग्रेस की रही। इन दोनों ही पार्टियों की जमानत तक नहीं बच पायी। पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों के उपचुनाव में माकपा के नेतृत्व वाले वाममोर्चा और कांग्रेस के प्रत्याशियों की जमानत तक नहीं बची। इस बार उनके बीच कोई घोषित या अघोषित गठबंधन नहीं था। दोनों ने अपने अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन अकेले लड़ने पर भी स्थिति नहीं बदली। दूसरा व तीसरा स्थान तो दूर, वाममोर्चा व कांग्रेस प्रत्याशियों का कुछ सीटों पर नोटा से मुकाबला दिखा। कुछ सीटों पर एक समय ऐसा लगा कि वाममोर्चा–कांग्रेस को नोटा से भी कम वोट मिलेगा। मदारीहाट सीट पर एक बार फिर वामपंथी दल आरएसपी और कांग्रेस की स्थिति एक जैसी रही। मदारीहाट में नोटा को 2,856 वोट मिले, वहीं आरएसपी और कांग्रेस को क्रमशः 3,412 और 3,023 वोट मिले। सिताई में फॉरवर्ड ब्लॉक को 3,319 और नोटा को 1,317 वोट मिले। मेदिनीपुर में छठे और सातवें राउंड की गिनती में कांग्रेस नोटा से पीछे रह गई। मेदिनीपुर में नोटा के पक्ष में 2,624 और कांग्रेस को 3,959 वोट मिले। अंत में कांग्रेस डेढ़ हजार से ज्यादा वोटों से नोटा से पीछे रह गई। तालडांगरा में कांग्रेस प्रत्याशी ने स्पष्ट रूप से नोटा से ही लड़ाई लड़ी। कभी नोटा से पिछड़ जाते तो कभी नोटा को पीछे छोड़कर आगे बढ़ जाते। बंगाल कांग्रेस प्रवक्ता सुमन राय चौधरी ने कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरी को स्वीकार किया। मजे की बात यह है कि ये दोनों दल भी तृणमूल कांग्रेस की तरह विपक्षी दलों के गठबंधन इण्डिया के घटक हैं। इनको तो मोदी के नारे एक हैं तो सेफ हैं से सीख लेनी चाहिए। ¼fgQh½



# खतरे में धरती, हवा और पानी



Uचर क्लाइमेट चेंज नामक पत्रिका में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों का जीवन जोखिम से भर जाएगा। समुद्र का स्तर एक मीटर तक बढ़ने की संभावना जतायी गयी है। समुद्र का स्तर बढ़ने से वर्जीनिया से मियामी और फ्लोरिडा तक दक्षिण–पूर्वी अटलांटिक तट पर रहने वाले 14 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित होंगे। अध्ययन के मुताबिक तटीय क्षेत्रों की 70 फीसद आबादी उथले या उभरते भूजल के सम्पर्क में आ जाएगी जो सामान्य बाढ़ की तुलना में कहीं अधिक जोखिम भरी होगी। इससे जन–धन दोनों की बड़े स्तर पर हानि उठानी पड़ सकती है। जलवायु परिवर्तन के कई कारण बताये जाते हैं। इनमें एक कार्बन उत्सर्जन भी है। कार्बन उत्सर्जन की मात्रा कम करने के लिए विश्व स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन विकसित देशों की मंशा ठीक नहीं लगती। अभी हाल में ही अजर बैजान के बाकू में कॉप–29 सम्मेलन सम्पन्न हुआ था। इस सम्मेलन में 300 अरब डालर वार्षिक क्लाइमेट फाइनेंस का लक्ष्य तय किया गया लेकिन भारत ने इस पर आपत्ति जतायी है। भारतीय प्रतिनिधि चांदनी रैना कहती हैं कि यह दस्तावेज जलवायु समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता। विकसित देशों को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और ब्राजील में 2025 में जब कॉप–30 का सम्मेलन हो, तब जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को गंभीरता से समझा जाए। इसमें विकसित देशों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। यदि हम अब भी गंभीर नहीं हुए तो ग्लेशियरों का पिघलना रोका नहीं जा सकेगा। ग्लेशियर पिघलेंगे तो समुद्र का जल स्तर बढ़ेगा।

हाल ही में अजरबैजान के बाकू में आयोजित कॉप–29 सम्मेलन में 300 अरब डॉलर वार्षिक क्लाइमेट फाइनेंस का लक्ष्य तय किया गया, जिससे विकासशील देशों को मदद मिल सके लेकिन समझौते पर भी विवादों के बादल छा गए। भारत ने इसे एक "दृष्टि भ्रम" बताते हुए कहा कि इससे असली जलवायु समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। दरअसल, विकासशील देशों ने इसके लिए कम से कम एक ट्रिलियन डॉलर (1000 अरब डॉलर) की मांग की थी। इस समझौते की गहराई और भारत समेत विकासशील देशों की चिंताएं। संयुक्त राष्ट्र के अंतिम आधिकारिक मसौदे के अनुसार, कॉप–29 का मुख्य उद्देश्य जलवायु से जुड़ी पिछली फाइनेंस योजना को तीन गुना बढ़ाना था। पहले हर साल 100 अरब डॉलर की योजना थी, जिसे अब 300 अरब डॉलर (24.75 लाख करोड़ रुपये) किया गया है।

समझौते के मुताबिक, साल 2035 तक यह प्रयास किया जाएगा कि सार्वजनिक और निजी स्रोतों से विकासशील देशों को कुल 1.5 ट्रिलियन डॉलर (123.75 लाख करोड़ रुपये) तक की वित्तीय सहायता मिले। इसके अलावा, 1.3 ट्रिलियन डॉलर (1,07,25,000 करोड़ रुपये) विशेष रूप से अनुदानों और सार्वजनिक निधियों के रूप में कमजोर देशों के लिए सुनिश्चित किए जाएंगे। जब बात जलवायु परिवर्तन से निपटने की हो, तो यह केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं होता, बल्कि जीवन और मृत्यु का सवाल होता है। अमेरिका और चीन जैसे विकसित देश, विकासशील देशों की बात सुनते तक नहीं। यह कहने में गुरेज नहीं कि वे 'मनमानी' करते हैं। अब जबकि पूरी दुनिया के सामने कार्बन उत्सर्जन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या मुंह खोले खड़ी है, तब भी उसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। चीन, अमेरिका जैसे विकसित देश किस तरह भारत जैसे विकासशील देशों की सांसें रोकने की कोशिश में जुटे हैं, यह उसी की एक बानगी भर है। भारत ने इस समझौते को नकारते हुए इसे "दृष्टि भ्रम" करार दिया। भारतीय प्रतिनिधि चांदनी रैना ने कहा, "यह दस्तावेज असल चुनौती का समाधान करने में असमर्थ है। यह केवल एक दिखावटी समझौता है, जो असली समस्याओं को हल नहीं कर सकता।" भारत ने विकसित देशों पर उनकी जिम्मेदारियों को पूरा न करने का आरोप लगाया। भारतीय पक्ष ने तर्क दिया कि यह समझौता विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को अनदेखा करता है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी इस समझौते को "उम्मीदों से कम" बताते हुए कहा, "यह समझौता एक आधार है, लेकिन इसे समय पर और पूरी तरह लागू करना जरूरी है।" उन्होंने कहा, "हमारे सामने खड़ी विशाल चुनौतियों का सामना करने के लिए मुझे इससे कहीं अधिक बेहतर रिजल्ट की उम्मीद थी।" संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन मामलों के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने कॉप29 में हुए नए वित्त समझौते को, "मानवता के लिए एक बीमा पॉलिसी" करार दिया है। साइमन स्टील ने कहा, "इस समझौते से क्लीन एनर्जी के विकास को बढ़ावा मिलेगा और अरबों जिंदगियां बचेंगी। मगर किसी भी अन्य बीमा पॉलिसी की तरह, यह तभी काम करेगी, जब इसके लिए किस्तें समय पर और पूरी तरह अदा की जाएंगी।" उन्होंने माना कि किसी भी देश को वो नहीं मिला, जो उन्होंने चाहा था और दुनिया पहाड़ जैसा काम लेकर बाकू से वापस लौट रही है। उन्होंने कह भी जोड़ा, "इसलिए, यह कोई जीत की खुशी में तालियां बजाने का समय नहीं है।

## 'महिला जन सुनवाई व समीक्षा बैठक के दौरान जिपं सभागार में सुनी फरियाद'

जिला पंचायत सभागार में महिला जन सुनवाई व समीक्षा बैठक का आयोजन महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में किया गया. जहां उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात द्वारा जिला कारागार, जिला महिला बंदी बैरक सहित प्राथमिक विद्यालय कर्णावती, लाल डिग्गी के औचक निरीक्षण के पश्चात महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना गया. कार्यक्रम दौरान अपर उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज, क्षेत्राधिकारी शिखा भारती, महिला थाना अध्यक्ष ज्ञानू प्रिया, परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक शशि तिवारी, सीडीपीओ शहर चंद्रप्रभा अधिकारीगण उपस्थित रहे. जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का संचालन किया गया. कार्यक्रम दौरान कुल 22 प्रकरण दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिसा, जमीन विवाद, साइबर क्राइम, आर्थिक सहायता, मारपीट आदि के दर्ज हुए. जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा त्वरित संज्ञान में लेते हुए मुन्नी देवी थाना विंयाचल, किरन थाना पडरी, सुलेखा, साइबर क्राइम, ज्योत्स्ना पाण्डेय, जमीन विवाद, अर्चना जायसवाल आदि के कुल 5 मामलों का फोरम से त्वरित निस्तारण किया गया. शेष अन्य, प्रकरणों को सम्बन्धित विभाग को रेफर किया गया. कार्यक्रम दौरान 150 महिला पुरूष उपस्थित रहे. जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग मिर्जापुर द्वारा संचालित योजनाओं मसलन स्पांशरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि पर सविस्तार जानकारी देते हुए जनपद में संचालित सक्रिय हेल्पलाइन नंबर 112,181, 1098, 1090 की जानकारी दी गई. इस दौरान वन स्टाप सेंटर से केंद्र प्रबंधक पूजा मौर्या, परामर्शदात्री प्रियंका सिंह, डीसीपीयू से बाल संरक्षण अधिकारी पंकज सिंह, नगीना सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता, समन्वय चाइल्ड लाइन समन्वयक अरुण मिश्रा, नीतू सिंह, केस वर्कर, अभिषेक सोनकर, सुपरवाइजर, देवी प्रसाद दूबे, केस वर्कर, पंचम बिंद, केस वर्कर उपस्थित रहे. पूजा मौर्या द्वारा उपस्थित महिलाओं से फिल्ड बैक लेते हुए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया.

## मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान का जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ

मीरजापुर(एजेंसी)। 397—मझवां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कि मतदाता सूची की जितनी सुचिता बनी रहेगी, उतना ही मतदाताओं का विश्वास और चुनाव की सुचिता भी बनी रहेगी। उन्होंने मतदाता सूची की पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा है कि मतदाता सूची की पारदर्शिता बनी रहेगी तो हमारी मतदान प्रक्रिया भी उतनी ही पारदर्शी पूर्ण होगी। उन्होंने मकान के नींव से मतदाता सूची की तुलना करते हुए कहा कि जिस प्रकार से मकान की नीव मजबूत होती है तो मकान मजबूत होता है ठीक उसी प्रकार से मतदाता सूची पर दुरुस्त और शुचितापूर्ण ढंग से होगा तो मतदान पारदर्शी पूर्ण और मतदान प्रक्रिया भी उतना ही पारदर्शिता के साथ होगा। सिटी क्लब में जिलाधिकारी ने बीएलओ सहित सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहां की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का विशेष अभियान 30 नवंबर से 8 दिसंबर तक चलाया जाएगा सभी बीएलओ एवं इस कार्य में लगाए गए सभी कार्मिक बूथ लेवल का भ्रमण कर इसे दुरुस्त करेंगे ताकि किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाए कोई त्रुटि पूर्ण नाम है तो उसे दुरुस्त कराया जाए इसी प्रकार अन्य खामियों को दूर कर मतदाताओं को जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत चुनाव भी होने वाले हैं गांव में बहुत सी शिकायतें होती हैं मतदाताओं के नाम सूची में न होने को लेकर तो कहीं नाम परिवर्तित होने इत्यादि की भी शिकायतें होती हैं जिन्हें दूर करने के लिए फार्म भरकर दुरुस्त कर कर इन्हें दूर किया जाए इसके लिए उन्होंने आनलाइन फार्म भरे जाने सहित अन्य सुझाव सुझाते हुए कहा कि इसमें ध्यान रखा जाए आनलाइन फार्म भरते समय अपेक्षित जानकारियां छूटने न पाए इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ व कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए इसे समय पूर्ण किए जाने के निर्देश दिया।

## मण्डलायुक्तविन्ध्याचल की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बिन्दुवार की गयी समीक्षा

मीरजापुर(एजेंसी)। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ मुथुकुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। जिसमें भदोही नगर के जल निकासी पर चर्चा के उपरान्त मण्डलायुक्त द्वारा कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए उक्त प्रकरण को निक्षेपित करने का आदेश दिया। अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग वाराणसी द्वारा बताया गया कि कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा मार्ग पर यातायात 15.12.2024 से चालू कर दिया जायेगा। वीयर इकाई लोहरा नहर वी0एस0 रोड के चौड़ीकरण के संबंध में चर्चा के दौरान अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि द्वारा अवगत कराया गया कि विशेष मरम्मत कार्य का आगणन स्वीकृत हेतु मुख्य अभियन्ता लोनिवि लखनऊ को प्रेषित किया गया है, जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया कि जिलाधिकारी के साथ बैठक कर तत्काल कार्य को चालू किया जाय। विभागीय योजनाओ की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष द्वारा ए प्लस ग्रेड पाये जाने पर संतोष व्यक्त किया गया निवेश मित्र की समीक्षा के दौरान आवास विभाग को 3 प्रकरण समयोपरान्त पाये जाने पर वरिष्ठ भू—भौतिकवाद द्वारा बताया गया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश 13 नवंबर 2024 के कम मे जिलाधिकारी मीरजापुर को उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण मीरजापुर को अग्रिम आदेशो तक कार्य करने के लिए रोका गया है जिसपर अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण की तैनाती हो गयी है अतः उक्त प्रकरण को तत्काल निस्तारित कराने का आदेश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान संयुक्त आयुक्त उद्योग विन्ध्याचल मण्डल विरेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग भदोही, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा कर विकास परियोजनाओं के प्रगति की ली जानकारी

मीरजापुर(एजेंसी)। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकासपरक योजनाओं एवं सीएमआइएस पोर्टल पर प्रदर्शित एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं के अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम डैशबोर्ड के रैंकिंग के सापेक्ष प्रगति समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान खराब प्रगति वाले परियोजना के कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यो में तेजी लाते हुए ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्यो से निजात मिलने के बाद अपने विकासपरक व निर्माणाधीन कार्यो में अधिकारी तेजी लाते हुए कार्य पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यो में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान निर्देशत किया गया कि ग्राम पंचायतो में आपूर्ति की जाने वाली घर—घर पेयजल को सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारियों से जांच कर यह सुनिश्चित कराया जाए कि घरो में पानी पहुंच रहें है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्माणाधीन सम्पर्क मार्गो में गुणवत्ता को बनाए रखते हुए सम्बन्धित अधिकारी कार्य में प्रगति लाए। विभिन्न विकास खण्डो में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो की समीक्षा में जिलधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सीखड़, पहाड़ी, हलिया को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्रान्तर्गत बन रहे सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की जांच कर एक सप्ताह के अन्दर वस्तुस्थिति, प्रगति से अवगत कराएं तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से समन्वय स्थापित कर जनवरी—2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्णता सुनिश्चित कराएं। निर्माणाधीन पुल्ड हाउसिंग के तहत बन रहे सरकारी आवास को उप जिलाधिकारी सदर व अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड से संयुक्त रूप से जांच कर वस्तुस्थित से अवगत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं एसआईटी जांच में था परन्तु एसआईटी द्वारा उसको निस्तारित कर दिया गया है ऐसे परियोजनाओं को अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण भवन तथा अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड रूके परियोजनाओं के नींव तथा अब तक निर्मित दीवालों आदि की गुणवत्ता जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के उपरान्त ही निर्माण किया जाए। कार्यदायी संस्था फैक्स फेड द्वारा समेकित विकास माध्यमिक विद्यालय पटेहरा कला, चुनार में स्थिति फील्ड हास्पिटल व नवीन वृहद गौशाला अहरौरा को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण व शहरी, एनआरएलएम, मनरेगा, आरईएस विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, दिव्यांग कल्याण, खादीग्रामोद्योग, जिला पंचायत, नगर पालिका, उद्योग सहित अन्य सभी विभागो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अपने—अपने विभाग के विकासपरक परियोजनाए पूर्ण कराएं, जो परियोजनाएं पूर्ण हो रही हो उन्हें थर्ड पार्टी से जांच कराते हुए हैण्ड ओवर कराना भी सुनिश्चित कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## बाल विवाह करने से बचे समाजः श्याम त्रिपाठी



बाराबंकी (एजेंसी)। सामाजिक संस्था संवाद के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारम्भ किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में लगभग 1800 छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने जिला प्रशासन एवं समाजिक संस्था संवाद के सहयोग से जनपद सहित संपूर्ण देश को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा छात्राओं ने स्वागत गीत एवं बाल विवाह के विरूद्ध मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लवी सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए छात्राओं को प्रेरित किया और पढ़ाई कर बेहतर भविष्य बनाने पर बल दिया। सहायक श्रम आयुक्त मयंक सिंह ने कहा, कि यदि महिलाओं का विकास नहीं होगा तो इसका प्रभाव परिवार, समाज और देश पर पड़ेगा, बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोककर महिला विकास में सभी योगदान दें। राजेश शुक्ला ने सभी छात्राओं को बाल विवाह रोकने के लिए ब्रांड एंबेसडर बनने की जिम्मेदारी दी और समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूक किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य डॉ पूनम सिंह द्वारा छात्राओं को स्वावलंबी बनने, आगे बढ़ने एवं अन्याय का विरोध करने पर बल दिया और कहा अपने अधिकार को पाने के लिए स्वयं आगे बढ़ना होगा। संतोष देव पांडे ने कहा कि अभिभावकों को विभिन्न क्षेत्र में महिलाओं के योगदान का उदाहरण देकर देशहित में बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए जागरूक किया जाए तभी 2047 में विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। सचिव संवाद अतुल तिवारी बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं बाल मजदूरी आदि समस्त सामाजिक बुराइयां तभी दूर हो सकती हैं जब हम सभी सरकार के प्रति उत्तरदायी हों, मन में सेवा भाव हो। मुख्य अतिथि श्याम त्रिपाठी ने कहा कि यदि बालिकाएं दृढ़ प्रतिज्ञा कर लें कि वे न तो बाल विवाह करेंगी और न ही करने देंगी एवं विवाह 18 वर्ष के उपरांत ही करेंगी तभी बाल विवाह से मुक्ति पूर्णतः संभव है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय की मेरिट में आने वाली छात्राओं अनुपमा एवं नैना घोष को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, बाल कल्याण समिति के सदस्य राजेश शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लवी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांड्य, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह, ए.एच.टी.यू. अच्छेलाल सरोज, उप प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डॉ. पूनम सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ममता सहाय, सचिव संवाद अतुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं को विकास की धारा में जोड़ना भाजपा का लक्ष्यः शरद अवस्थी

### पूर्व विधायक ने किया अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी (एजेंसी)। सरकार गांवों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार कार्य कर रही है। गांव के लोगों गांव में ही सरकारी योजनाओं का लाभ निरंतर मिले इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विकास की धारा से गांव की महिलाओं को जोड़ने के लिए समूह के माध्यम से रोजगार मुहैया कराने का काम किया जा रहा है। यह बात भाजपा के पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने ग्राम पंचायत रमसहांय में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करने के उपरांत जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव गरीब की चिंता करते हुए तमाम योजनाएं बना कर लाभ देने का काम कर रहे हैं। योगी ने सत्तर वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गो को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। अब गांव का कोई बुजुर्ग इस योजना से वंचित नहीं रहेगा। जिन गरीब परिवारों को अब तक आवास नहीं मिला है उनके लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसका सर्वे कार्य शुरू हो गया है। विकास खंड सिरौलीगौसपुर के अन्तर्गत पांच अन्नपूर्णा भवन बनाने का काम हो रहा है। जिसमें रमसहांय गांव के ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ला के द्वारा भवन बनवाकर तैयार किया है। इस भवन का लोकार्पण करते हुए उन्होंने इसकी चाभी समूह की महिलाओं को सौंपते हुए कहा कि महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। आने वाले समय में महिलाओं के लिए तमाम योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जाएगी। जिससे महिलाओं को तमाम रोजगार उपलब्ध होंगे। ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, जिलापंचायत सदस्य मनोज सोनी, अमित पान्डेय, प्रहलाद कनौजिया, रवीन्द्र अवस्थी,अनिल वर्मा, पंचायत सचिव राजेश कुमार, कुलदीप श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## व्यापरी बन्धुओं की समस्याओं का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये सुनिशिचत-जिलाधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु की बैठक की, बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि उद्यमी बन्धुओं की मदद किया जाये, जिससे अधिकधिक रोजगार सृजित हों और उद्यमी भी बेहतर तरीके से अपने उद्योग को संचालित करते रहें उन्होंने मौके पर मौजूद उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित करते हुए कहाकि उद्यमियों के प्रति की जा रही कार्यवाही पर अपनी पैनी नजर रखें, ताकि उद्यमियों के मामलों का निस्तारण समयबद्व तरीके से हो और जिले में कारोबार व व्यापार क्षेत्र में विकास हो, ताकि अधिकाधिक लोगों को आसानी के साथ उचित दर पर जरूरत के सामान मिले और रोजगार के अवसर भी बढ़े। इस दौरान जिलाधिकारी ने बैंकों द्वारा उद्यमियों की पत्रावली के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान बैंकों द्वारा उद्यमियों की पत्रावलियों के निस्तारण में शिथिलता प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी ने जोनल मैनेजर और लीड बैंक मैनेजर को पत्र जारी करने के निर्देश दियें, समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि जियोफिजिकल सर्वे खण्ड भूगर्भ जल विभाग द्वारा के सिनियर जियोफिजिसिस्ट द्वारा पत्रावली का समय से निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने सिनियर जियोफिजिसिस्ट स्वपनिल राय को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये, इस दौरान व्यापारी बन्धु के अध्यक्ष राजेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि 18 दिसम्बर को दुद्धी में व्यापारी बन्धुओं को जागरूकता हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है उसमें व्यापारियों से जुड़े अधिकारीयों की उपस्थित रहेंगें इस दौरान व्यापार संघ के अध्यक्ष कौशल कुमार शर्मा ने बढ़ौली चौक चौराहों पर प्राइवेट बसों द्वारा जाम लगाने की समस्या रखी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित उद्योग बन्धु व्यापारी बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एक नई योजना शुरू की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान इस योजना का उद्देश उत्तर प्रदेश के कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नई उद्योगों को स्थापना हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है इसकी पात्रता की शर्ते निम्नवत है आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए आवेदक की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष तक होनी चाहिए आवेदक की शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण है इण्टर मीडिएट एवं समकक्ष को वरीयता दी जायेगी, 5 लाख तक का लोन 4 वर्ष तक ब्याज मुक्त मिलेगा, यदि 5 लाख का लोन 4 वर्ष में जमा कर देते है तो उन्हें द्वितीय किस्त में 10 लाख तक के ऋण के ब्याज में छूट नही रहेगी। इस बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र राजधारी गौतम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, उद्यमीगण, उद्योग बन्धु के पदाधिकारीगण, सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं गणमान्य व्यापार बन्धु सम्मलित रहे।

## ज्ञान गंगा प्रा. आई.टी.आई. के सभागार में पंचम कौशल दीक्षान्त समारोह का भव्य आयोजन

सोनभद्र। नगर स्थित ज्ञान गंगा प्रा. आई.टी.आई. के सभागार में पंचम कौशल दीक्षान्त समारोह का भव्य आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि प्रो० प्रदीप कुमार मिश्र, विभागाध्यक्ष (केमिकल इन्जी, आई. आई.टी बी एच यू वाराणसी) के साथ विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. के त्रिपाठी एसोसिएट प्रोफेसर (राजकीय इन्जिनियरिंग कॉलेज चुर्क सोनभद्र ) तथा एम एल गुप्ता (पूर्व सयुंक्त निदेशक प्रशिक्ष ध् शिशिक्षु ) की गरिमामय उपस्थिति रही। एस०पी० सैनिक स्कूल राबर्ट्सगंज द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को पंचशील का सिद्धान्त बताते हुये मान सिंह दृढ़ता सरलता और कार्य के प्रति उर्जावान बनने के लिए प्रेरित किये और उनके द्वारा छात्रों को दीक्षोपदेश दिया गया। विशिष्ट अतिथि डा.डी. के त्रिपाठी ने आई. टी.आई. के विषय में बताया कि आज हर तरफ स्किल की आवश्यकता पड़ रही है

# गंदगी का नजारा देखना हो तो आईये नगर पंचायत सुबेहा



सुबेहा, बाराबंकी (एजेंसी)। नगर पंचायत सुबेहा के कर्मचारियों के लापरवाही के कारण किला वार्ड में गंदगी के ढेर गली—गली लगे हुए हैं। एक तरफ जहां इस गंदगी के कारण नागरिकों में बीमारियां फैल रही हैं वहीं दूसरी तरफ सफाई कर्मियों की लम्बी फौज होने के कारण भी नगर के अधिकांष मोहल्ले गंदगी से पटे पड़े हैं। नागरिकों ने उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ से कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत सुबेहा में सफाई कर्मियों की लम्बी फौज है। कहने को तो अधिषाषी अधिकारी सुबेहा प्रतिदिन सफाई नायक और सफाई कर्मियों को वार्डों में जा करके साफ सफाई के निर्देष देते हैं लेकिन उनका यह निर्देष अधिकांष सफाई कर्मी नही मानते हैं। कई नगर पंचायतो की जिम्मेदारी होने के कारण अधिषाषी अधिकारी सप्ताह में एक या दो बार ही नगर पंचायत में आते हैं। इसका नतीजा यह निकलता है कि नगर पंचायत सुबेहा के अधिकांष वार्डों में गंदगी की भरमार है। यहां तक की प्रमुख चौराहों पर भी गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। उदाहरण के तौर पर नगर पंचायत सुबेहा के किला वार्ड में देखा जा सकता है। इस वार्ड में कभी भी किसी दवा का छिड़काव नही किया गया है। नालियों से लेकर वार्ड की गलियां कूड़े के ढेरों से पटी हुई हैं मच्छरों की भरमार है। जिसके कारण मोहल्ले वासी डेंगू और मलेरिया की बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसा नही है कि वार्ड के नागरिकों ने इसकी षिकायत चेयरमैन से लेकर अधिषाषी अधिकारी से न की हो। लेकिन षिकायत के बाद यही आष्वासन मिलता है कि सफाईकर्मी भेज करके साफ सफाई करवा दी जायेगी। लेकिन इस वार्ड में सफाईकर्मी कभी भी नजर नही आते हैं।

## एसपी ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

बाराबंकी (एजेंसी)। बुधवार को पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह ने जनपद मुरादाबाद में हुई उत्तर प्रदेष पुलिस 41वीं प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान किया। जानकारी के अनुसार, जनपद मुरादाबाद में उ.प्र. पुलिस 41 वीं प्रतियोगिता—2024, का आयोजन हुआ जिसमें समस्त जनपदों द्वारा प्रतिभाग किया गया। टेबल—टेनिस टीम में रेडियो निरीक्षक अशोक गुप्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें जनपद बाराबंकी की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। एवं बैडमिण्टन प्रतियोगिता में निरीक्षक धर्मराज उपाध्याय, रेडियो निरीक्षक अशोक कुमार, टीएसआई आनन्द सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता रेडियो निरीक्षक अशोक कुमार ने 01 स्वर्ण तथा 02 कांस्य पदक सहित कुल 03 पदक जीते। इसी प्रकार बैडमिण्टन प्रतियोगिता में रेडियो निरीक्षक अशोक कुमार ने 03 कांस्य पदक, निरीक्षक धर्मराज उपाध्याय ने 01 कांस्य पदक व टीएसआई आनन्द सिंह ने 01 रजत व 01 कांस्य पदक सहित कुल 02 पदक जीते।

## विधायक ने किया दो दिवसीय लोकनृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ

बाराबंकी (एजेंसी)। बुधवार को बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के द्वारा संस्कृत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के सहयोग से दो दिवसीय लोकनृत्य एवं शास्त्रीय गायन कार्यक्रम का आयोजन सेठ जगदेव मेमोरियल सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज इसरौली सेठ में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम की प्रस्तुति स्वरोही डांस एंड म्यूजिक ग्रुप द्वारा दी गई। विधायक दिनेश रावत का स्वागत बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश पटेल के द्वारा माला पहनाकर, साल, स्मृति चिन्ह और तुलसी का पेड़ भेंट कर किया गया। विशिष्ट अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा का स्वागत नागेश पटेल द्वारा साल स्मृति चिन्ह और तुलसी के पद भेंट कर किया, आनंद वर्मा संदीप श्रीवास्तव अम्बरीष गुप्ता का स्वागत कन्हैयालाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से पूजा पाण्डेय ने शुरू किए स्वरोही ग्रुप के द्वारा लोकनृत्य एवं शास्त्रीय गायन विधा पर देवी गीत, पचारा, कृष्ण लीला, ढेडिया, मटकी, चरकुला, ढीमरयाई, मध्यप्रदेश लोकनृत्य राई लोकनृत्य, बुंदेलखंडी, धोबिया नृत्य आदि पर आधारित निम्न प्रस्तुति दी। ट्रस्ट की सचिव रोली देवी के द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष कोठी सपना वर्मा, दिनेश वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, सर्वेश कुमार, पूनम देवी, चांदनी वर्मा, ललिता, प्रिया पटेल, अम्बरीष गुप्ता नवीन, श्रीवास्तव देवनाथ आदि मौजूद रहे।

## 15 दिसम्बर तक भेजे जमीन का प्रस्तावःपंकज कुमार सिंह



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी (एजेंसी)। जिला जज ने ग्राम न्यायालय का निरीक्षण कर न्यायाधिकारी कमल कान्त तिवारी से न्यायालय के सम्बंध में वार्ता किया। तत्पश्चात जिला जज ने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह व तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा से ग्राम न्यायालय भवन हेतु 15 दिसम्बर तक भूमि प्रस्ताव सहित उपलब्ध कराने के लिए वार्ता किया। बुधवार को जिला जज पंकज कुमार सिंह तहसील सिरौलीगौसपुर स्थित ग्राम न्यायालय पंहुचे। जिला जज ने न्यायाधिकारी कमल कान्त तिवारी से ग्राम न्यायालय के बाबत विस्तृत रुप से चर्चा किया एंव ग्राम न्यायालय भवन निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी, तहसीलदार से वार्ता करते हुए कहा है कि 15 दिसम्बर तक ग्राम न्यायालय भवन निर्माण हेतु जमीन प्रस्ताव सहित दें। इसके बाद जिला जज ने तहसील सिरौलीगौसपुर प्रांगण में स्थित जागेष्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के अध्यक्ष शिव वरदान सिंह, महन्त दीपक दास एडवोकेट, सत्यनाम वर्मा काशी प्रसाद द्विवेदी, राजाराम नाग अखिलेश वर्मा लवकेश रावत, धनलाल रावत श्रवण सिंह देवेन्द्र सिंह, संग्राम सिंह राजेश दास, काली प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

## 29 से महादेवा महोत्सव शुरु, तैयारियां जोरो पर

रामनगर बाराबंकी (एजेंसी)। महादेवा महोत्सव की तैयारिया अंतिम चरणों में हैं सांस्कृतिक मंच सज्जा व साफ सफाई सहित सभी तैयारिया जोरो से चल रही है। बुधवार को मेला सचिव उप जिलाधिकारी पवन कुमार एवं तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने मौके पर जाकर कार्य कर रहे लोगों से और अधिक तेजी से कार्य करने को निर्देशित करते हुए अति शीघ्र सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सात दिवसीय महादेवा महोत्सव के प्रारंभ होने में शेष दो ही दिन बचे हैं। 29 नवंबर अपराह्न 2 बजे मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के द्वारा महादेवा के मुख्य द्वार पर फीता काट कर उद्घाटन करने के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या कवि सम्मेलन सहित तमाम मनोहारी कार्यक्रम 7 दिनों तक चलेंगे इसके अलावा वॉलीबॉल व कुश्ती प्रतियोगिता भी होगी। जिसमें प्रदेश व देश के नाम चीन खिलाड़ी व पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। स्कूली बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम जादू सहित तमाम मनमोहक कार्यक्रम होंगे। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश व प्रदेश के नाम चीन कवियों का भी जमावड़ा होगा। महोत्सव की तैयारी बहुत तेजी के साथ चल रही हैं सांस्कृतिक मंच की साज सज्जा भी तेजी से चल रही है महोत्सव में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले सहित सभी मनोरंजन के संसाधन लग गए हैं प्रदर्शनी लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है खंड विकास अधिकारी रामनगर जितेंद्र कुमार पूरी तन्मयता के साथ महोत्सव में दी गई जिम्मेदारियां को बेहतर अंजाम देने में लगे हुए हैं। प्रधान महादेवा राजन तिवारी भी अपने सहयोगियों के साथ तैयारियों को चाक चौबंद बनाने में लगे हुए हैं

## संदिग्ध अवस्था में युवक की लटकती मिली लाष

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

बड्डूपुर बाराबंकी (एजेंसी)। कोतवाली घुंघटेर अन्तर्गत बुधवार सुबह एक पेड़ के सहारे फार्मासिस्ट की लाष संदिग्ध अवस्था में लटकती हुई मिली। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि ग्रामीण इस घटना को हत्या बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह फांसी नहीं है किसी ने हत्या करके शव लटकाया है। क्योंकि अगर कोई फांसी लगता है तो वह अपने हाथ अपने पॉकेट में नहीं डाल पाएगा और फार्मासिस्ट के हाथ दोनों जेब में है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि हत्या करके शव लटकाया गया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली घुंघटेर क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में फार्मासिस्ट का पेड़ से लटका मिला शव हत्या की आशंका क्षेत्र के हरिहरपुर मजरे छिलगवां गांव निवासी फार्मासिस्ट संदीप कुमार उम्र करीब 31वर्ष पुत्र कीढा मंगलवार शाम को क्लीनिक बंद करने के बाद बाबागंज गए थे देर रात घर वापस आने के बद अपने पिता से शौच जाने की बात कहकर रात करीब 12 बजे घर से निकल गए देर रात तक जब वापस नहीं लौटे तो बड़ा भाई अमरेश व परिजनों द्वारा रात भर खोजते रहे लेकिन कोई पता नहीं चल सका बुधवार सुबह गांव के ठीक सामने बाबागंज टिकैत गंज मार्ग पर अर्जुन के पेड़ में कपड़े के सहारे संदीप कुमार का शव लटका मिला रोड के किनारे लटका शव देख कर रोड पर निकल रहे ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना पर पहुंचे भाई अमरेश ने अपने भाई संदीप की पहचान की मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली घूघंटेर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी बेचू सिंह यादव का कहना था कि लाष को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा। इसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# बार्डर-गावस्कर ट्राफी 2024-25: एडिलेड ओवल पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज



नईदिल्ली, । भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 का दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेला जाना है।सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। इस मुकाबले को भारतीय टीम ने 295 रनों से अपने नाम किया था।एडिलेड में होने वाला टेस्ट मैच 6 दिसंबर से शुरू होगा। ऐसे में आइए इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों पर एक नजर डालते हैं।

पहले स्थान पर भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं। पर्थ टेस्ट मैच में उन्होंने शानदार शतकीय पारी खेली थी।कोहली ने एडिलेड में अपना पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने यहां 4 टेस्ट खेले हैं और इसकी 8 पारियों में 63.62 की दमदार औसत के साथ 509 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 शतक और 1 अर्धशतक निकला है।उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 141 रन रहा है।

सूची में दूसरे स्थान पर पूर्व भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला मुकाबला साल 1999 में खेला था।4 टेस्ट की 8 पारियों में इस खिलाड़ी ने 66.83 की औसत से 401 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 233 रन रहा था।द्रविड़ ने इस मैदान पर अपना आखिरी मुकाबला साल 2012 में खेला था। वह 2 बार नाबाद भी रहे थे।

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला मुकाबला साल 2003 में खेला था।आखिरी बार वह 2012 में यहां खेलते हुए नजर आए थे।3 टेस्ट की 6 पारियों में इस खिलाड़ी ने 64.66 की औसत से 388 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 2 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर इस मैदान पर 151 रन रहा था।

वीवीएस लक्ष्मण इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के इस मैदान पर अपना पहला मुकाबला साल 1999 में खेला था। आखिरी बार वह यहां 2012 में खेलते हुए नजर आए थे।4 मैच की 8 पारियों में इस खिलाड़ी ने 42.12 की औसत से 337 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था।इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी का इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 148 रन रहा था।

# मार्श की चोट की चिंताओं के बीच आलराउंडर बो वेबस्टर आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल



कैनबरा, । मिचेल मार्श की चोट की चिंताओं के बीच ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के ऑलराउंडर बो वेबस्टर को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया है।वेबस्टर मध्यम तेज गेंदबाजी के साथ–साथ जरूरत पड़ने पर ऑफ स्पिन भी कर लेते हैं। उन्होंने हाल ही में इंडिया ए के खिलाफ सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलते हुए प्रभावित किया था।इसके अलावा उन्होंने हालिया शेफील्ड शील्ड मैच में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 61 और 49 का स्कोर बनाने के साथ–साथ पांच विकेट भी लिए। वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ स्लिप फील्डर्स में से भी एक हैं।इंडिया ए के खिलाफ दो चार–दिवसीय मैचों की चार पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए उन्होंने 145 रन बनाने के साथ–साथ 19.57 की औसत से सात विकेट भी लिए थे।पिछले दो साल के प्रथम श्रेणी मैचों की बात की जाए तो उनका बल्लेबाजी औसत 53.23 और गेंदबाजी औसत 31.71 का रहा है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने एडिलेड टेस्ट के लिए बिना किसी बदलाव की टीम घोषणा करते हुए यह भी सूचित किया था कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श की फिटनेस पर थोड़ा संदेह है। मार्श के फिटनेस के बारे में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी चिंता जताई थी।हालांकि 13–सदस्यीय टीम में जोश इंगलिस के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज हैं, लेकिन अपनी ऑलराउंड क्षमताओं के कारण वेबस्टर टेस्ट डेब्यू के दावेदार बन गए।दूसरा टेस्ट एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू होगा। पर्थ टेस्ट जीतकर भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है।एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम रू पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, नेथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, बो वेबस्टर

# टेलीकाम पीएलआई के तहत बिक्री 65,320 करोड़ रुपये पहुंची, निर्यात 12,384 करोड़ रुपये रहा : केंद्र



नई दिल्ली । टेलीकॉम और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए प्रोडक्शन–लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) स्कीम में आवेदन करने वाली कंपनियों की बिक्री 65,320 करोड़ रुपये हो गई है। इसके साथ ही इन कंपनियों ने 12,384 करोड़ रुपये (30 सितंबर तक) का निर्यात किया है। यह जानकारी सरकार ने संसद में दी।

केंद्रीय संचार राज्य मंत्री, डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी ने लोकसभा में लिखित जबाव में कहा कि टेलीकॉम और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए पीएलआई स्कीम की 42 आवेदक कंपनियों (28 एमएसएमई सहित) ने संचयी रूप से 3,925 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

टेलीकॉम पीएलआई स्कीम की खास बात यह है कि इसमें 33 टेलीकॉम और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए 4 से लेकर 7 प्रतिशत इंसेंटिव दिए जा रहे हैं। एमएसएमई को पहले तीन साल के लिए एक प्रतिशत अतिरिक्त इंसेंटिव और भारत में डिजाइन उत्पादों के लिए भी एक प्रतिशत अतिरिक्त इंसेंटिव कंपनियों को दिया जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी, उत्पादों और सेवाओं के अनुसंधान और विकास के फंडिंग के उद्देश्य से 2022 में टेलीकॉम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (टीटीडीएफ) योजना शुरू की गई थी। बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के लिए पीएलआई स्कीम 2020 में लॉन्च की गई थी। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण में शामिल पात्र कंपनियों को वृद्धिशील बिक्री पर इंसेंटिव दिए जाते हैं।

इसके अलावा सरकार ने देश में प्रमुख वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए रेडी बिल्ट फैक्ट्री (आरबीएफ) शेडध्प्लग एंड प्ले सहित सामान्य सुविधाओं के साथ विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने के लिए संशोधित इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) योजना को भी 2020 में अधिसूचित किया था। सरकार की कोशिश पीएलआई के जरिए भारत को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना है।

# न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड, पहला टेस्ट: केन विलियमसन ने जड़ा 36वां अर्धशतक, शतक से चूके




नईदिल्ली, । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में केन विलियमसन ने शानदार पारी (93) खेली है।यह उनके टेस्ट करियर का 36वां अर्धशतक है। इंग्लैंड के खिलाफ इस खिलाड़ी ने अपना 5वां अर्धशतक जड़ा है।साल 2024 में विलियमसन के बल्ले से निकला यह तीसरा अर्धशतक है।विलियमसन भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चोटिल थे और 1 भी मुकाबला नहीं खेल पाए थे। इस खिलाड़ी ने शानदार वापसी की है।

विलियमसन ने 197 गेंदों का सामना करते हुए 93 रन बनाए।कीवी टीम को पहला झटका 4 रन पर लगा था। डेवोन कॉनवे 2 रन बानकर आउट हुए। इसके बाद विलियमसन ने टॉम लैथम के साथ 58 रन, रचिन रविंद्र के साथ 68 और डेरिल मिचेल के साथ 69 रन की साझेदारी निभाई।अन्य बल्लेबाज आउट हुए, लेकिन विलियमसन ने एक छोर संभाले रखा। विलियमसन शतक से सिर्फ 7 रन दूर थे, तभी उन्हें गस एटकिंसन ने पवेलियन भेज दिया।

इंग्लैंड के खिलाफ विलियमसन ने पहला टेस्ट मैच साल 2013 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 17 मुकाबले खेले हैं और इसकी 30 पारियों में 40.29 की उम्दा औसत के साथ 1,088 रन बनाने में सफल रहे हैं।उनके बल्ले से 4 शतक के अलावा 5 अर्धशतक भी निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 132 रन रहा है।विलियमनस ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन (1,519) पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाए हैं।

साल 2024 में विलियमसन ने 7 टेस्ट खेले हैं। इसकी 13 पारियों में 64.63 की शानदार औसत के साथ 711 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से इस साल 3 शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64.63 का रहा है।साल 2017 से लेकर 2023 तक विलियमसन का एक बार भी टेस्ट क्रिकेट के 1 कैलेंडर वर्ष में औसत 50 से कम का नहीं रहा है।साल 2016 में उन्होंने 47.06 के औसत से बल्लेबाजी की थी।

विलियमसन ने अपना पहला टेस्ट भारत के खिलाफ 2010 में खेला था। उन्होंने 103 मुकाबले खेले हैं। इसकी 181 पारियों में 54.71 की औसत से 8,974 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 32 शतक और 36 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 251 रन है।

# चोटिल स्टेफनी टेलर भारत दौरे से बाहर, डश्शटिन वनडे में वापसी को तैयार

सेंट जोंस (एंटीगा),28 नवंबर। वेस्टइंडीज भारत के आगामी सफेद गेंद दौरे पर ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर के बिना जाएगी। क्रिकेट वेस्ट इंडीज की रिलीज के अनुसार 33 वर्षीय टेलर इस समय इंजरी से रिकवर कर रही हैं और भारत में होने वाले आगामी तीन वनडे और टी20 सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी।

दो वर्ष पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुकीं डिएंड्रा डॉटिन ने इस साल टी20 वर्ल्ड कप में वापसी की थी और वह अब भारत के दौरे पर वनडे में वापसी करेंगी। उन्होंने अपना अंतिम वनडे मार्च 2022 में खेला था लेकिन सफेद गेंद में उनका हालिया फॉर्म शानदार रहा है।

डॉटिन 2024 के टी20 वर्ल्ड कप के दौरान सबसे प्रभावी खिलाड़ी थीं और इस महीने की शुरुआत में उन्होंने डब्लूबीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ 18 गेंदों पर नाबाद 46 रन बनाए थे ।वर्ल्ड कप दल से बाहर रहने वालीं शाबिका गजनबी और रशादा विलियम्स की वनडे और टी20 दल दोनों में वापसी हुई है।वेस्टइंडीज का वनडे और टी20 दलहीली मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंम्बेल (उपकप्तान), आलिया एलेन, शामिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डिएंड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, शाबिका गजनबी, चिनेल हेनरी, जायदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मांगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरक, रशादा विलियम्स

# जायसवाल और गिल नहीं नीतिश कुमार रेड्डी को बताया भविष्य का सुपरस्टार

नईदिल्ली, । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक ऐसे कप्तान के रुप में याद किया जाता है जिन्होंने टीम इंडिया को विदेशों में लड़ना और जीतना सिखाया. ऐसा गांगुली इसलिए कर पाए क्योंकि उनके पास खिलाड़ियों की समझ और परख थी. वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, जहीर खान, आशीष नेहरा, मोहम्मद कैफ, एमएस धोनी जैसे खिलाड़ियों को टीम इंडिया में लाने का श्रेय गांगुली को ही जाता है. अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए एक युवा खिलाड़ी के बारे में गांगुली ने बड़ी बात कही है.

भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है. पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट को भारत ने 295 रन से जीता था. इस मैच में जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन किया था. इस मैच से भारत के लिए ऑलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी ने भी डेब्यू किया था. रेड्डी ने दोनों पारियों में अच्छी बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी शानदार की थी. उनके प्रदर्शन को देखते हुए सौरव गांगुली ने उन्हें भविष्य में टेस्ट फॉर्मेट का सुपरस्टार बताया है.

गांगुली ने कहा कि, पर्थ में नीतिश कुमार रेड्डी ने डेब्यू किया था. मैं हैदराबाद के इस लड़के से बेहद प्रभावित हूं. वो इस बड़े टेस्ट में कभी भी दबाव में नहीं दिखा और संयमित और संतुलित रहते हुए अच्छे खेल का प्रदर्शन किया. वो लंबी रेस का घोड़ा है और भविष्य का सुपरस्टार है.

नीतिश कुमार रेड्डी ने पहली पारी में 41 और दूसरी पारी में नाबाद 38 रन बनाए थे. बल्लेबाजी के दौरान ऐसा कभी नहीं लगा कि नीतिश अपना पहला टेस्ट खेल रहे हैं. नीतिश की गेंदबाजी भी अच्छी रही और दूसरी पारी में 1 विकेट भी उन्हे मिला. हार्दिक पांड्या टेस्ट नहीं खेलते जबकि शार्दुल ठाकुर को ड्रॉप कर दिया गया है. ऐसे में अगर रेड्डी का प्रदर्शन अच्छा रहा तो वे लंबे समय के लिए टेस्ट फॉर्मेट का हिस्सा हो सकते हैं.

# सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरु एफसी को बचाया

## 0-दिलाई मोहम्मडन एससी पर जीत

कोलकाता, । अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरू एफसी की नैया को डूबने से बचाते हुए मोहम्मडन एससी पर जीत शानदार जीत दिलाई। उनके दोनों गोलों की मदद से ब्लूज ने बुधवार को एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024–25 मुकाबले में मेजबान ब्लैक पैंथर्स पर 2–1 से जीत हासिल की।बेंगलुरू एफसी की जीत में सुनील छेत्री ने (पेनल्टी किक) 82वें और 90.9वें मिनट में गोल किए। सुनील छेत्री को ऐतिहासिक दोनों गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।



इस हार के बाद मोहम्मडन स्पोर्टिंग का आईएसएल 2024–25 में अपनी पहली घरेलू जीत का इंतजार बढ़ गया है और साथ ही वो अपने पांच घरेलू मैचों में जीत से दूर रहने वाली आईएसएल इतिहास की पहली टीम बन गई है। इससे रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव निश्चित रूप से निराश होंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग आठ मैचों में एक जीत, दो ड्रा और पांच हार से पांच अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ब्लूज द्वारा पिछड़ने के बाद शानदार जीत हासिल करने से स्पेनिश हेड जेरार्ड जारागोजा जरूर राहत महसूस कर रहे होंगे। बेंगलुरू एफसी नौ मैचों में छह जीत, दो ड्रा और एक हार से 20 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान से शीर्ष पर पहुंच गई है।मैच का पहला गोल आठवें मिनट में आया, जब सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के स्ट्राइकर सीजर मंजोकी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1–0 कर दिया। दाहिने फ्लैंक पर मिली कॉर्नर किक पर उज्बेक मिडफील्डर मिर्जालोल कासिमोव ने हवाई रास्ते से क्रॉस डालकर गेंद को छह गज के खतरनाक इलाके के ठीक आगे पहुंचाया, जहां मौजूद मंजोकी ने सटीक हैडर लगाया और गेंद गोलकीपर गुरप्रीत संधू के बायीं तरफ से टिप्पा खाकर दाहिने कॉर्नर पर गोल जाल में जा उलझी।82वें मिनट में स्थानापन्न स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक पर अपना ऐतिहासिक गोल करके बेंगलुरू एफसी को 1–1 की बराबरी पर ला दिया। बेंगलुरू एफसी को पेनल्टी किक के रूप सुनहरा मौका 79वें मिनट में मिला, जब कॉर्नर किक के दौरान मंजोकी ने अपने बॉक्स के अदंर मिडफील्डर पेड्रो कैपो को हाथों से गिराकर फाउल कर दिया और रैफरी क्रिस्टल जॉन ने लंबी सीटी बजाकर स्पॉट किक का इशारा किया। इसके बाद सुनील छेत्री ने दाहिने पैर से करारा शॉट लगाकर गेंद को लेफ्ट कॉर्नर पर गोल जाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर भास्कर रॉय दाहिनी तरफ डाइव लगाने के बावजूद गेंद तक नहीं पहुंच पाए। इस गोल के साथ ही सुनील आईएसएल इतिहास की सभी 15 टीमों के खिलाफ गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

स्टॉपेज टाइम के दौरान 90.9वें मिनट में सुनील छेत्री ने अपना दूसरा गोल करके बेंगलुरू एफसी की 2–1 से जीत सुनिश्चित कर दी। मिडफील्डर फेनाई ने बॉक्स के अंदर बायीं तरफ से क्रॉस डाल कर गेंद को सेंटर किया जहां मौजूद सुनील छेत्री ने हेडर लगाकर गेंद को राइट कॉर्नर के अंदर भेद दिया जबकि गोलकीपर भास्कर रॉय देखते रह गए।

पहला हाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग के नाम रहा, क्योंकि मेजबान टीम ने सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के स्ट्राइकर सीजर मंजोकी के गोल की बदौलत बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। लिहाजा, मोहम्मडन स्पोर्टिंग 1–0 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गई। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बेंगलुरू एफसी का 64 फीसदी रहा। ब्लूज ने छह प्रयास किए लेकिन कोई भी शॉट टारगेट पर नहीं रहा। वहीं, गेंद पर 36 फीसदी कब्जा रखने वाली मोहम्मडन स्पोर्टिंग की ओर से भी छह किए गए, जिनमें से एक ही प्रयास टारगेट पर रहा और उसी पर गोल आया।यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच पहला मैच था और आज बेंगलुरू एफसी ने शानदार जीत हासिल की जबकि मोहम्मडन स्पोर्टिंग को पहली जीत का इंतजार करना पड़ेगा।

# यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में चोटिल काक्स की जगह ओली राबिन्सन शामिल



लंदन, । इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि चोटिल जॉर्डन कॉक्स की जगह अनकैप्ड विकेटकीपर–बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन को न्यूजीलैंड दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है।कॉक्स ने क्वीन्सटाउन में अभ्यास मैच के दौरान अपने अंगूठे में फ्रैक्चर कर लिया और इसके बाद उन्हें तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चौंपियनशिप सीरीज से बाहर कर दिया गया, जबकि बल्लेबाज ओली पोप क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के लिए विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे, जबकि नियमित विकेटकीपर जेमी स्मिथ पितृत्व अवकाश पर हैं।रॉबिनसन के इस सप्ताह के अंत में न्यूजीलैंड में टीम में शामिल होने की उम्मीद है और वे 6 दिसंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से ही टेस्ट डेब्यू के लिए दावेदारी पेश करेंगे।यह 25 वर्षीय रॉबिन्सन का इंग्लैंड की सीनियर टीम में पहला चयन है। हाल के दिनों में इंग्लैंड की घरेलू काउंटी चौंपियनशिप में 2024 में 48 की बल्लेबाजी औसत और 2023 में पिछले सीजन के दौरान और भी अधिक प्रभावशाली 58 के साथ प्रभावित किया है। उन्होंने पिछले दो सीजन में 92 आउट के साथ स्टंप के पीछे भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया है।इंग्लैंड की टीमरू बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, ओली स्टोन, क्रिस वोक्स हैं।

# मोटर इंश्योरेंस में तेजी से बढ़ रही टियर 2 और 3 शहरों की भागीदारी

मुंबई। भारत में निजी उपभोग बढ़ने के कारण टियर 2 और 3 शहर मोटर इंश्योरेंस सेक्टर के लिए ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहे हैं। यह जानकारी जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। बढ़ती मोटर इंश्योरेंस की मांग दिखाती है कि देश में वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है और लोगों में इंश्योरेंस को लेकर जागरूकता आ रही है। इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म टर्टलमिंट के आंकड़ों के अनुसार, इन शहरों ने इस साल त्योहारी सीजन में बेची गई पॉलिसियों की संख्या और प्रीमियम राशि में 90 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है।

टर्टलमिंट ने कहा कि कंपनी ने अपने बीमा सलाहकारों के बड़े नेटवर्क के माध्यम से 4 लाख से अधिक मोटर बीमा पॉलिसियां जारी की हैं, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 2 गुणा से अधिक है। अगस्त से अक्टूबर की अवधि में मोटर बीमा के कुल प्रीमियम में पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 गुणा की वृद्धि हुई।डेटा के मुताबिक, जयपुर में मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम में 191 प्रतिशत, इंदौर में 31 प्रतिशत और लखनऊ में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। टर्टलमिंट के सीईओ और सह–संस्थापक, धीरेंद्र मह्यावंशी ने कहा कि भारत का बीमा क्षेत्र विकास पथ पर है, जिसमें मोटर बीमा का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी मोटर पॉलिसी की बिक्री में सालाना आधार पर 85 प्रतिशत वृद्धि हो रही है।रिपोर्ट में आगे कहा गया कि डिस्काउंट और ऑफर के कारण त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड वाहनों की बिक्री होती है। इसके साथ ही मोटर इंश्योरेंस की खरीद में भी बढ़ोतरी देखने को मिलती है।

# क्रेडिट कार्ड से खर्च अक्टूबर में पहुंचा 2 लाख करोड़ के पार : आरबीआई

नई दिल्ली । त्योहारी सीजन के दौरान भारत में क्रेडिट कार्ड से खर्च 2 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया, जो कि सितंबर माह की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड पर खर्च 2.02 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, सिस्टम में बकाया क्रेडिट कार्ड 12.85 प्रतिशत बढ़कर 106.88 मिलियन हो गए, जो सितंबर से 0.74 प्रतिशत अधिक है।एचडीएफसी बैंक 241,119 क्रेडिट कार्ड जारी कर चार्ट में सबसे आगे रहा, उसके बाद एसबीआई कार्ड्स ने 220,265 कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक ने 138,541 कार्ड जारी किए।इस बीच, आरबीआई के मासिक आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान में उछाल के कारण, डेबिट कार्ड आधारित लेनदेनअगस्त में लगभग 43,350 करोड़ रुपये से लगभग 8 प्रतिशत घटकर सितंबर में लगभग 39,920 करोड़ रुपये रह गया।दूसरी ओर, देश में क्रेडिट कार्ड लेनदेन में वृद्धि हुई, जिसमें सितंबर के महीने में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो अगस्त में 1.68 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.76 लाख करोड़ रुपये हो गई।बाजार के जानकारों के अनुसार, क्रेडिट कार्ड खर्च में वृद्धि पिछले वर्ष और त्योहारी सीजन में लोअर बेस के कारण हुई है, क्योंकि त्योहारी सीजन के दौरान समान मासिक किस्तों जैसी प्रमोशनल स्कीम में तेजी आई है।मार्च 2021 में डिजिटल भुगतान की हिस्सेदारी 14–19 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 में 40–48 प्रतिशत हो गई, जिसमें यूपीआई की अहम भूमिका रही।यूपीआई लेनदेन में 75 प्रतिशत सीएजीआर की शानदार गति से वृद्धि हुई है, जबकि अगस्त 2019–अगस्त 2024 की अवधि में यूपीआई खर्च 68 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ा है, ।



# अज्ञात चालक पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से अधेड़ के घायल होने को लेकर पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के रामगुलाम का पुरवा उस्मानपुर गांव निवासी जितेन्द्र यादव पुत्र मोहन लाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पचीस नवंबर की शाम करीब छः बजे घर आते समय अज्ञात पिकप वाहन ने उसके पिता को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने व दुर्घटना करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट को लेकर पांच पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट, गालीगलौज को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे जियन तिवारी–रेहुआ लालगंज निवासी अंकुर त्रिपाठी पुत्र विनोद कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बांस काटने के विवाद को लेकर पचीस नवंबर की दोपहर करीब ढ़ाई बजे गांव के विपक्षी राधेश्याम तिवारी उर्फ ददन तथा उनकी पत्नी व भाई रमेश तिवारी व दो अज्ञात लोग उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़ित के मना करने पर उसे जमकर मारापीटा। एसओ राधेबाबू का कहना है कि जांच के बाद पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# माँ-बेटी के साथ मारपीट पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। मां–बेटी के साथ मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पिपरी जमालपुर मुस्तफाबाद गांव निवासी सुनीता पत्नी संजय पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर सत्ताईस नवंबर को दोपहर करीब एक बजे गांव की उषा पाण्डेय पत्नी सूबेदार पाण्डेय व उसकी पुत्री काजल ने एकराय होकर उसे तथा उसकी पुत्री नैंनसी के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट किया। शोर मचाने पर धमकी देते चले गये। एसओ राधेबाबू का कहना है कि जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विश्व हिन्दु महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होगा सुल्तानपुर-दिनकर सिंह

सुल्तानपुर(एजेंसी)। विश्व हिंदू महासंघ उ.प्र. के प्रांतीय अधिवेशन की शुरुआत २६ नवंबर को प्रयागराज संगम तट पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा गंगा मैया की पूजा आरती से व मातृशक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष बाईसा करिश्मा हाड़ा द्वारा ध्वजारोहण से होगी। श्रीमहंत विद्या चौतन्य, महामंडलेश्वर सत्यानंद गिरी द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मां वैष्णवी नंद गिरी द्वारा गंगा अवतरण नृत्य नाटिका से प्रस्तावों का शुभारंभ होगा। सुल्तानपुर जिलाध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया की 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक संगम तट पर चलने वाले तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने, श्री कृष्ण जन्मभूमि–काशी विश्वनाथ को अतिक्रमण मुक्त करने, वक्फ बोर्ड समाप्त करने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, धर्मांतरण पर पूरी तरह से प्रतिबंधा लगाने, मातृशक्ति राष्ट्र शक्ति, न बंटेंगे न कटेंगे, सनातनी हैं सनातनी रहेंगे जैसे प्रस्तावों को लाया जायेगा। सुल्तानपुर से लगभग पचास की संख्या में पदाधिकारी व सदस्य २६ नवंबर को प्रातः ०५:०० बजे आरक्षित बस द्वारा श्री सीताकुण्ड धाम से प्रस्थान करेंगे, गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन बस को हरी झंडी दिखाकर व आशीर्वाद देकर यहाँ से रवाना करेंगे। जिलाध्यक्ष दिनकर सिंह ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से समय से पहुँचने की अपील की है।

# फाईलेरिया के मरीजों को बांटी गई किट, बचाव के लिए दिया गया परामर्श

सुल्तानपुर(एजेंसी)। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधारी के नेतृव में फाईलेरिया रोग से ग्रसित मरीजो के लिए कैंप लगाकर उन्हें बीमारी के रोकथाम के लिए परामर्श दिया गया, साथ



ही फाईलेरिया मरीजों को टब, बाल्टी, साबुन व तौलिया की एक किट भी उपलब्ध कराई गई। फाईलेरिया से ग्रसित मरीजों को एक्सरसाइज के माध्यम से कैसे फिट रहना है, इसका डेमों भी किया गया। उक्त अवसर पर इंचार्ज प्रियंका सिंह, इंस्पेक्टर पूनम सिंह, मेराज अहमद, प्रेमचंद्र सिंह, पारितोष व रंजीत कुमार मौके पर मौजूद रहें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार फाईलेरिया रोग व ग्रसित रोगियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है, विभाग उसके क्रियान्वयन में लगा है। उसकी लगातार मॉनिरीटरिंग की जा रही है। डॉ.चौधरी ने बताया कि सरकार की मंशा का अक्षरशः पालन विभाग सुनिश्चित कर रहा है, समय–समय पर हमारी टीम कैंप व डोर–टू–डोर के माध्यम से फाईलेरिया ग्रसित रोगियों की जानकारी लेती रहती है।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना बैंक खाता धारको के लिए वरदान- अतुल जोग

बल्दीरायध्सुलतानपुर(एजेंसी)। तहसील क्षेत्र बल्दीराय के बड़ौदा युपी बैंक की शाखा वल्लीपुर में मृतक खाता धारक के परिजन को शाखा प्रबंधक ने बीमा की राशि सौंपी है।

बता दे कि क्षेत्र के ग्राम दौनौ विसांवा निवासी अम्बिका की पत्नी मिथिलेश बड़ौदा यूपी बैंक में खाता धारक थी मिथिलेश ने अपने खाते मे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा कवर करवाया था। मिथिलेश मई माह में राजस्थान के जिला दौसा स्थित बाला जी दर्शन करने गई थी अचानक 29 मई को वही उसका निधान हो गया। शाखा प्रबंधक अतुल कुमार ने बीमा योजना की सारी औपचारिकता पूरी करवा कर मृतका खाता धारक के पुत्र रविशंकर को बैंक बुलाकर दो लाख रुपये की बीमा राशि दिया। उक्त संबंधा में शाखा प्रबंधक अतुल जोग ने समस्त खाता धारको को जागरूक करते हुए उन्हे भी प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# तहसील न्यायालय का 30 नवम्बर तक विरोध करेंगे अधिवक्ता

बल्दीरायध्सुलतानपुर(एजेंसी)। न्यू अवध बार एसोसिएशन बलदीराय की बैठक बृहस्पतिवार को सम्पन्न हुई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम बल्दीराय के न्यायालय का आगामी तीस नवंबर तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। अधिवक्ता धुर्व राज पांडे के प्रार्थना पत्र पर अधिवक्ता संघ कमेटी ने विचार करने के बाद प्रस्ताव पारित किया गया। एसोसिएशन के अधिवक्ता एसडीएम बल्दीराय के न्यायिक कार्य प्रणाली व नियम विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर न्यायालय को प्रस्ताव भेजकर हड़ताल पर हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि राजस्व न्यायालय मैनुवल के विपरीत अदालतें चल रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि एसडीएम के इस कृत्य के विरोध में तीस नवंबर तक न्यायालय का बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान कोई भी अधिवक्ता एसडीएम के न्यायालय में नहीं जाएंगे। संघ के तीन सदस्य इसकी निगरानी करेंगे। बैठक में अधिवक्ता महामंत्री बृजेश यादव, संजय सिंह, अनिल यादव, अजय सिंह, प्रदीप पांडेय, अखिलेश पाठक, पवन दूबे, राम सुमिरन वैश्य,अजय दूबे, राधेश्याम श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, अंफाल, सर्वोदय सिंह, राजकुमार तिवारी, बिकास मिश्रा, प्रदीप सोनकर, कौशल किशोर, कृष्ण कुमार तिवारी, प्रसुन यादव, बद्रीनाथ शुक्ला, सुरेंद्र तिवारी, आलोक श्रीवास्तव सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन धराशाही, बिना मानक हो रहे कार्य

## अभी तक गांव में मिशन के तहत टोटी विहीन है गांव

बल्दीरायध्सुल्तानपुर(एजेंसी)। केंद्र सरकार द्वारा 2019 में संचालित जल जीवन मिशन योजना जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते धराशाही हो चुकी है। कार्यकारी संस्था द्वारा गांव में खुदाई करके पाइप डालकरअपनी जिम्मेदारी का निर्वहन तो कर दिया गया परंतु अभी तक पाइप लाइन के गड्ढे ज्यों के त्यों नजर आ रहे हैं। बच्चे बुजुर्गों का चोटिल होना स्वाभाविक है। अधिकांश गांव में नल की टोटी नहीं लगाई गई है संस्था द्वारा लगाई गई खाली पाइप ग्रामीणों को मुंह चढ़ा रही है। बता दे की केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन योजना संचालित की गई थी मिशन का उद्देश्य था कि प्रत्येक गांव में हर घरों में नल हो ग्रामीण स्वच्छ पानी का उपयोग करें इसके लिए रजिस्टर्ड कार्यदाई संस्था को गांव–गांव में पानी पहुंचाने के लिए आधुनिक उपकरणों को लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कार्यदाई संस्था द्वारा गांव में खुदाई करते हुए प्रत्येक घरों तक पाइप डाल दी गई है लेकिन अभी तक इन पाइपों में नल की टोटी लग ना मुश्किल हो गया गांव में लगी पाईप से आते–जाते ग्रामीण टकराकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि चार–पांच माह पूर्व कार्यदाई संस्था के कर्मचारी प्रत्येक घरों तक खुदाई करके पाइप डाल दी गई लेकिन अभी तक उसमें टोटी नहीं बैठाई गई जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है कहीं कहीं खानापूर्ति को लेकर ट्रायल भी शुरू हो गया है बाकी तो स्थिति राम भरोसे चल रही है। फिलहाल तहसील बल्दीराय के गांव में मिशन के अन्तर्गत डाली गई पाईप से ग्रामीणों को परेशानी उत्पन्न है फायदा कब होगा यह भविष्य में देखा जाएगा।

# जनपद के समस्त बिक्री केंद्रों पर सभी उर्वरक उपलब्ध जिला कृषि अधिकारी

कुशीनगर, 28 नवम्बर (आरएनएस)। वर्तमान समय में रबी की फसलों में दलहन, तिलहन के साथ गेहूँ की बुवाई का कार्य तेजी से चल जा रहा है। जिस हेतु किसान भाईयों द्वारा इस समय तेजी से की जा रही बुवाई कार्य में उर्वरकों की भारी मांग है। जिसके लिए जनपद में विभिन्न फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। उक्त जानकारी जिला कृषि अधिकारी डा0 मेनका ने देते हुए बताया कि वर्तमान में जनपद के निजी क्षेत्र में यूरिया 18555.00 मी०टन, डी०ए०पी० 2222.00 मी०टन, एन०पी०के० 2514.00 मी०टन, तथा सहकारीता क्षेत्र में यूरिया 8766.00 मी०टन, डी०ए०पी० 1178.00 मी०टन, एन०पी०के० (20रू20रू0रू13). 430.00 मी०टन, प्राप्त हुई है। जिसकी उपलब्धता के उर्वरक विक्री केन्द्रों पर सुनिश्चित की गयी है। 26–11–2024 को आई० पी० एल० कम्पनी से जनपद को 961.00 मी०टन डी० ए० पी० उर्वरक प्राप्त हुई थी। जिसको जिलाधिकारी के आदेश से 480.500 मी०टन सहकारिता क्षेत्र को तथा 480.500 मी० टन निजी क्षेत्र को प्राप्त करा दिया गया है। इसी क्रम में आज 28 नवम्बर को पी० पी० एल० की डी०ए०पी० उर्वरक की 690.00 मी० टन की रैंक प्राप्त हुई है। जिसमे से 350.00 मी०टन सहकारिता क्षेत्र को तथा 340.00 मी०टन निजी क्षेत्र को प्राप्त हो गया है। इसी प्रकार सहकारिता क्षेत्र में भी कृभको कम्पनी से कुल 1300.00 मी०टन, डी०ए०पी० लगभग दो से तीन दिन में जनपद में प्राप्त हो जायेगी। जनपद में सभी प्रकार के बिक्री केन्द्रो पर उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता तथा अवैध परागमन रोकने के उद्देश्य से जनपद से सटे अंतर्राज्यीय सीमाओं पर निरंतर चौकसी हेतु राजस्व, पुलिस एवं कृषि विभाग के संयुक्त सचल दस्तों द्वारा सीमाओं पर निरन्तर निगरानी किया जा रहा है तथा विभागीय पोर्टल पर उर्वरको के उपलब्धता एवं वितरण की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने किसान भाईयो से अपील किया है कि अपनी आवश्यकतानुसार जोत बही, खतौनी के अनुसार अपने नजदीकी निजी, सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पी०ओ०एस० मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से उर्वरक प्राप्त करें। साथ ही उर्वरक क्रय करने में किसी प्रकार की समस्या हेतु कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 8317015135 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसका निस्तारण तत्कालिक रूप से किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

कुशीनगर, 28 नवंबर (आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने निर्वाचन कार्यालय वेयर हाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसी टीवी कैमरो की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अनुपयोगी वस्तुओं की नीलाम करने एवं नगर पालिका के माध्यम से साफ सफाई कराने सहित उपयोगी उपकरणों को सुरक्षित रखने का निर्देश संबंधित को दिया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा रखने तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिलाधिकारी मु0 जफर सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# भोजपुरी सम्मेलन में मुख्य वक्ता होगे डारामानुज द्विवेदी

कुशीनगर, ।जनपद के हाटा बाजार स्थित श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ० रामानुज द्विवेदी कोलकाता में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी और भोजपुरी सम्मेलन में मुख्य वक्ता होंगे। यह संगोष्ठी 14, 15 दिसंबर 2024 को भोजपुरी साहित्य विकास मंच कोलकाता और प्रगति शोध फाउंडेशन पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसका विषय है भारतीय भाषाओं के लोक साहित्य में मानवीय मूल्य और प्रतिरोध के स्वर।ॽ डॉ ० रामानुज द्विवेदी ॽ संगोष्ठी के भोजपुरी परिसंवाद सत्र में भाषा का वैज्ञानिक संदर्भ और आठवीं अनुसूचीॽ पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर उन्हनि कहा कि पूरे विश्व में लगभग 23 करोड़ से अधिक भोजपुरी बोलनेवाले लोग है।लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में भोजपुरी को अभी तक संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से आग्रह किया कि भोजपुरी को इसका संवैधानिक अधिकार दिया ताकि भोजपुरी साहित्य और शोध को प्रोत्साहन मिल सके और क्षेत्रीय भाषा के पहचान को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में भोजपुरी भाषा और साहित्य के उत्थान, संवैधानिक अधिकार, नारी विमर्श और उच्च शिक्षा में शिक्षाविद और शोधकर्ता भाग लेंगे। इनमें वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा शोध पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉरीशस के वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य राजेंद्र राय मिसिर होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुरी साहित्य के प्रमुख हस्ताक्षर डॉ. विमलेश त्रिपाठी करेंगे।

# खलिहान की भूमि पर अवैधा अतिक्रमण करने का आरोप, मुख्यमंत्री

पोर्टल पर शिकायत कुशीनगर, 28 नवम्बर (आरएनएस)। जनपद के तमकुही विकास खण्ड के सरेया बुजुर्ग गांव के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर गांव की खलिहान की भूमि पर अराजक तत्वो द्वारा अवैध अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील प्रशासन से लगायत डीएम तक इसकी शिकायत पूर्व में की जा चुकी है लेकिन कोई कार्यवाही नही हो सका है। ग्रामीण विश्वजीत सिंह सहित करीब 40 से अधिक लोगो ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर आरोप लगाया है कि राजस्व अभिलेख में दर्ज आराजी नम्बर 64ख, 119, 193, 1082, 1083, 940, 1251ख, 1252, 607, 616, 439 व 939 की भूमि खलिहान के नाम से दर्ज है। आराजी नम्बर 1082 व 1083 में दुर्गा मंदिर भी स्थित है।इस सभी जमीनों पर गांव के कुछ दबंग किस्म के ब्यक्तियों ने अवैध अतिक्रमण कर लिया है। शिकायतकर्ता विश्वजीत ने बताया उक्त जमीनों पर अतिक्रमण की शिकायत पूर्व में तहसील प्रशासन समेत जिलाधिकारी कार्यालय तक की जा चुकी है लेकिन अतिक्रमण करने वालो पर नाही कोई ठोस कार्यवाही हुई है नही जमीन अतिक्रमण मुक्त हो सका है।अब ग्रामीण इसकी शिकायर मुख्यमंत्री पोर्टल पर किये है।इस सम्बंधा में एसडीएम तमकुहीराज विकास चन्द ने बताया कि मामला सज्ञान में है तहसीलदार को मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है।

# मथौली बाजार में जल रही स्ट्रीट लाइटे, हजारों यूनिट बिजली हो रही बर्बाद

कुशीनगर,। सरकार की तरफ से बिजली बचाने की तमाम कवायद विभागीय लापरवाही के चलते फ्लॉप साबित हो रही है। जनपद के नगर पंचायत मथौली बाजार के कई वार्डों में रात को अंधेरा पसरा रहता है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब रहने से नगरवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके विपरीत वार्ड में लगी स्ट्रीट लाइटें लगातार दिनभर जलती रहती है। इससे सैकड़ों यूनिट बिजली प्रतिदिन बर्बाद हो रही है। सब कुछ जानकर जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

बता दें कि इन दिनों बिजली की आंख मिचौली से नगरवासियों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ दिन में स्ट्रीट लाइट जलने से हजारों यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है। बिजली खपत को लेकर नगर पंचायत के अधिकारियों को परवाह नहीं हैं। जबकि स्ट्रीट लाइटों को बंद व चालू करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं। वार्ड नंबर 07 अटल बिहारी बाजपेयी नगर रगड़गंज जाने वाले पीच में कई जगह पोल पर दिनभर नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइटे जल रही है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 सरदार भगत सिंह नगर में नहर की पटरी पर लगे स्ट्रीट लाइट जल रही थी। वार्ड नंबर 13 महात्मा गांधी नगर सोनारी गली में पिछले कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें जल रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों को इसकी कोई खबर नहीं है। जबकि नगर के कई वार्डों में स्ट्रीट लाइटे खराब भी हो चुकी है, नगर पंचायत द्वारा उक्त लाइट को अब तक लगवाया नहीं गया है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी बिजली विभाग या नगर पंचायत को नहीं है। इस संबंध में नगरवासियों के शिकायत के बाद भी दोनों विभागों की सेहत पर असर नहीं पड़ा रहा है।

# घने कोहरे का कहररू ट्रक और बस की टक्कर में छः घायल

कुशीनगर, 28 नवम्बर (आरएनएस)। जनपद के हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तितिला चौराहे के पास नेशनल हाईवे 28 पर तेज रफ्तार भूसा लदी ट्रक और बस में जोरदार टक्कर में छः लोग घायल हो गए।

घटना गुरुवार की सुबह 5रू00 की बताई जा रही है।जब घना कोहरा छाया हुआ था तभी नेशनल हाईवे 28 पर स्थित तितिला चौराहे के समीप गोरखपुर से कसया की तरफ जा रही है तेज रफ्तार भूसा लदा ट्रक आगे चल रही प्राइवेट बस में पीछे से ठोकर मार दिया।और बस को रगड़ते हुए मौके से फरार हो गया। ठोकर की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए।और घायल यात्रियों को बाहर निकालवाकर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने दो घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

# चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का क्रास केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व घर में घुसकर मारपीट समेत गंभीर धाराओ मे क्रास केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मदनगढ़ बेलहा निवासी गोपाल यादव पुत्र गया प्रसाद ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ नवंबर को आरोपी गांव के ओमप्रकाश यादव, रामआसरे पुत्रगण तथा ओमप्रकाश की पत्नी सावित्री व सुभाष के पुत्र शुभम ने लाठी डंडे से हमला बोल दिया। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट की। हमले में पीडित बेहोश हो गया। पीडित ने कोतवाली मे तहरीर दी किन्तु जांच के नाम पर केस दर्ज करने में पुलिस आनाकानी करती रही। इसके बाद पीडित ने सीओ से फरियाद की। सीओ रामसूरत सोनकर के निर्देश पर पुलिस ने ओमप्रकाश समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके पहले ओमप्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने विपक्षियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है, सत्यता के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आरोपी के खिलाफ गालीगलौज व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बैनामे के नाम पर पैसा वापस नही करने व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी जगदेव प्रताप सिंह पुत्र जगत रणवीर सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि पडोसी जिले रायबरेली के बसन्तपुर कान्हपुर थाना सलोन निवासी वीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बृजलाल सिंह ने जमीन के बैनामे के नाम पर उससे सत्तावन लाख रूपये ले लिया। इसके बाद आरोपी बैनामा करने से मुकर गया। पीड़ित ने अपने रूपये वापस मांगे तो आरोपी मारपीट पर अमादा हो गया। आरोपी ने पीडित को शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भगवान की कृपा सदैव कल्याणकारी-डा. शिवशंकर

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के रैठ गांव में रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार



को श्रद्धालु भगवान की महिमा का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो उठे। कथाव्यास डॉ. शिवशंकर तिवारी ने कहा कि भगवान के नाम मे ही जीव का कल्याण है। उन्होनें कहा कि भगवान की कृपा सभी पर सदैव हुआ करती है। उन्होनें कहा कि अधार्म और अनीति का मार्ग जीव के लिए सदैव कष्टकारी हुआ करता है। कथाव्यास डॉ. शिवशंकर तिवारी ने कहा कि जीवन में स्वयं तथा पीढ़ी के कल्याण के लिए सदैव सुचिता के मार्ग पर प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उन्होनें कहा कि भगवान मनुष्य के कर्म के आधार पर उसका उद्धार सुनिश्चित किया करते हैं। डॉ. शिवशंकर तिवारी ने बताया कि श्रीमदभागवत गीता का हर अध्याय सत्य तथा धर्म का मार्गदर्शन किया करता है। उन्होनें कहा कि श्रीकृष्ण के लीलावतार में जगत को धर्म तथा ज्ञान व मुक्ति का मार्गदर्शन है। कथा के संयोजक प्रेमशंकर तिवारी तथा राजबल्लभ तिवारी ने व्यासपीठ का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन किया। कथा के दौरान संगीतमयी सुमधुर वचनों पर महिला श्रद्धालुओं को संगत में देखा गया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, दिनेश कुमार तिवारी, देवेश तिवारी, रामपाल द्विवेदी, विनय कुमार, रामकरन मिश्र, सागर तिवारी, राहुल मिश्र, अनिल महेश आदि रहे।

# बाइक की टक्कर से अपना दल (एस) के विधानसभा अध्यक्ष की मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष की इलाज के दौरान गुरूवार सुबह मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं इसकी जानकारी कार्यकर्ताओं को होने पर लोग गमगीन हो उठे। लीलापुर थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिना के पूरे गिरधर सहाय निवासी साठ वर्षीय लल्लू प्रसाद वर्मा अपना दल एस के विधानसभा विश्वनाथगंज के अध्यक्ष थे। वे गांव के कोटेदार भी थे। लल्लू प्रसाद वर्मा बुधवार की शाम बाइक से सगरा सुन्दरपुर बाजार से शाम करीब सात बजे वापस घर जा रहे थे। सगरा–लक्ष्मणपुर मार्ग पर स्थित सरदार पटेल स्कूल के पास पीछे से अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी होने पर परिवार के लोग इलाज के लिए उन्हें ट्रामा सेण्टर ले गये। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने रात में ही उन्हें स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज में इलाज के दौरान गुरूवार सुबह लल्लू प्रसाद वर्मा की मौत हो गयी। मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री है। सभी विवाहित हैं। मौत की जानकारी परिजनों को मिलने पर कोहराम मच गया। इधर घटना की जानकारी अपना दल एस कार्यकर्ताओं को हुई तो शोक छा गया। विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र से अपना दल एस के विधायक जीतलाल पटेल समेत श्रीराम वर्मा, दिग्विजय वर्मा, अजय वर्मा, मो. वहाब, अनिल वर्मा, रामचंद्र वर्मा, आदि ने निधन पर शोक जताया है। एसओ लीलापुर अरूण कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# गरीब निराश्रितों में वितरण हुआ कम्बल



लालगंज, प्रतापगढ़। राजकली महिला कल्याण सेवा संस्थान अनेहरा रामपुर बावली द्वारा गरीब महिलाओं व बुर्जुग को गुरूवार को कंबल प्रदान किया गया। राजकली रमाशंकर शुक्ल महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सात सौ महिलाओं व बुर्जुग को कंबल दिया गया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।